

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 185

ग्वालियर, शनिवार, 26 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## योगी के शपथ ग्रहण से पहले लखनऊ में एनकाउंटर, पुलिस ने 1 लाख का इनामी बदमाश ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में योगी आदित्यनाथ के दूसरे शपथ ग्रहण से पहले राजधानी में अभूतपूर्व सुरक्षा की गई है। पीएम मोदी समेत सैकड़ों वीवीआईपी के पहुंचने से पहले यहां पुलिस और बदमाश के बीच एनकाउंटर हुआ है। पुलिस के साथ मुठभेड़ में इनामी बदमाश राहुल सिंह ढेर हो गया है।

यह मुठभेड़ हसनगंज इलाके में सुबह करीब 4 बजे हुई। इनामी बदमाश राहुल सिंह अलीगंज ज्वैलर्स लूट कांड में भी वांटेड था। लूट के दौरान उसने कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आज सुबह लखनऊ में पुलिस ने उसे घेरा तो वह गोलीबारी करने लगा। दोनों ओर से गोलीबारी में राहुल सिंह घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश को अस्पताल में कराया गया भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर अलीगंज धर्मेंद्र सिंह यादव के मुताबिक कपूरथला अलीगंज सेक्टर-बी में निखिल अग्रवाल की तिरुपति ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। 8 दिसंबर 2021 की सुबह निखिल, कर्मचारी श्रवण कुमार और दो महिला कर्मचारी दुकान में मौजूद थे। उसी दौरान बदमाश धड़धड़ाते हुए दुकान में घुस गए थे। असलहों से लैस बदमाशों ने जेवर लूट लिए थे। भागते वक्त श्रवण ने एक बदमाश को दबोच लिया था। जिसने असलहे से श्रवण के पेट में गोली मार दी थी। जिससे कर्मचारी की मौत हो गई थी। इंस्पेक्टर के मुताबिक सीसी फुटेज में शाहजहांपुर जलालाबाद निवासी राहुल नजर आया था। वहीं, गिरोह में शामिल हनी सिंह और गुड़ंबा निवासी रवि कुमार वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जिन्होंने भी राहुल के गोली चलाने की पुष्टि की थी। इस बीच पुलिस ने राहुल की तलाश के लिए शाहजहांपुर के अलावा अन्य जिलों में भी दबिश दी थी। लेकिन सफलता नहीं मिली थी। गुरुवार रात बदमाश के अलीगंज में आने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर टीमें चेकिंग कर रहीं थीं। हसनगंज बंधा रोड के पास पहुंचने पर संदिग्ध व्यक्ति नजर आया था। जिसका हुलिया राहुल सिंह से मिल रहा था। इस पर सिपाहियों ने संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया था। लेकिन बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें गोली लगने से राहुल सिंह ढेर हो गया था। इंस्पेक्टर के मुताबिक मौके से पुलिस ने तमंचा बरामद किया है।







## बंगाल हिंसा पर फूट-फूट कर रोती हुई बोली रुपा गांगुली, बंगाल में लगे राष्ट्रपति शासन

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में पिछले दिनों हुई कथित हिंसा के मुद्दे पर शुक्रवार को राज्यसभा में हंगामा हुआ। जिसके बाद सदन की कार्यवाही 11 बजकर 54 मिनट पर 12 बजकर 10 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रूपा गांगुली ने शून्य काल के तहत मुद्दे को उठाया और भावुक होकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने इसका जोरदार विरोध किया तब हंगामा शुरु हो गया। इस दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हंगामे के बीच उपसभापति हरिवंश ने विशेष उल्लेख के तहत लोक महत्व से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए बीजू जनता दल की ममता मोहंता का नाम पुकार दिया। हंगामे के बीच ही ममता ने अपना मुद्दा उठाया, लेकिन उनकी बात सुनी नहीं जा सकी। उपसभापति ने हंगामा कर रहे सदस्यों से शांत रहने की अपील की।



## पीएम नरेंद्र मोदी 1 अप्रैल को बच्चों के साथ करेंगे परीक्षा पे चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5वें परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल को बच्चों के साथ सीधा संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल बच्चों के साथ परीक्षा से पहले बात करते हैं। इस दौरान पीएम बच्चों से परीक्षा को लेकर होने वाले तनाव के बारे में बात करते हैं। ये एक ओपन सेशन होता है जिसमें बच्चे पीएम मोदी से कोई भी सवाल कर सकते हैं जिसका पीएम मोदी जवाब देते हैं। कार्यक्रम में पीएम मोदी देशभर से आए बच्चों के माता-पिता और टीचर्स से भी बात करते हैं। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 1 अप्रैल को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित होगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, उनके माता पिता और उनके टीचर्स के साथ सीधा संवाद करना है। इस कार्यक्रम के जरिए देशभर से आए बच्चे, उनके माता पिता और टीचर्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एग्जाम से पहले एग्जाम से पहले आने वाली चुनौतियों और उसका समाधान के बारे में चर्चा करते हैं। हर साल दिसंबर-जनवरी में परिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाता है। इससे पहले करीब 15.7 लाख छात्रों ने क्रिएटिव राइटिंग कंपटीशन के लिए रजिस्ट्रेशन किया था।

# योगी ने फिर संभाली उप्र की कमान, 52 मंत्रियों संग ली पद और गोपनीयता की शपथ



**लखनऊ।** देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने अपने मंत्रिमण्डल में एक बार फिर दो उप मुख्यमंत्री बनायें हैं। योगी के साथ कुल 52 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसमें 18 कैबिनेट इसके अलावा 14 लोगों को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया है। जबकि 20 लोग राज्यमंत्री बनाये गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, अनुप्रिया पटेल, जनरल वीके मलिक आदि मौजूद रहे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगी आदित्यनाथ को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले गुरुवार को लोकभवन में योगी आदित्यनाथ को भारतीय जनता पार्टी विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया था। इस मौके पर पर्यवेक्षक के तौर पर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मौजूद रहे। भाजपा विधायक दल की बैठक में सुरेश कुमार खन्ना ने योगी के नाम का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी विधायकों ने सहमति दे दी। उन्हें विधायक दल का नेता चुनने का प्रस्ताव नवीं बार विधायक चुने गए सुरेश खन्ना ने रखा। इसका अनुमोदन सूर्य प्रताप शाही, बेबी रानी मौर्य, रामनरेश अग्निहोत्री, सुशील शाक्य, नंदगोपाल नंदी ने किया। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। मंत्रिमण्डल के गठन के बाद अब पार्टी का सारा फोकस 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की ओर है। मंत्रिमण्डल के गठन में भी इसकी झलक देखने को मिली। जिसमें जातीय व क्षेत्रीय समीकरण के साथ पुरानी कैबिनेट में रहे विधायकों का सम्मान भी बरकरार रखा गया है। योगी 2.0 सरकार में कई हैवीवेट पुराने मंत्रियों की छुट्टी भी कर दी गयी है। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में डा. महेन्द्र सिंह, सतीश महाना, आशुतोष टंडन गोपाल जी, सिद्धार्थ नाथ सिंह, नीलकंठ तिवारी तथा जय प्रताप सिंह मंत्री नहीं बनाये गये हैं। मंत्रिमंडल से मोहसिन रजा को भी हटाते हुए दूसरे मुस्लिम चेहरे दानिश आजाद को मौका दिया गया है। डा. दिनेश शर्मा को विधान परिषद का सभापति बनाया जा सकता है। सतीश महाना विधानसभा अध्यक्ष हो सकते हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 में जिन्हें मंत्री बनाया गया है उनमें-केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। जबकि स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, सुरेश कुमार खन्ना, बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, जय वीर सिंह, धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल नंदी, भूपेन्द्र सिंह चौधरी, अनिल राजभर, जितिन प्रसाद, राकेश सचान, अरविंद कुमार शर्मा, योगेंद्र उपाध्याय, आशीष पटेल तथा संजय निषाद को काबीना मंत्री के रुप में शपथ दिलायी गयी है।

### योगी का शपथ ग्रहण: गोरखपुर से काशी समेत यूपी के हजारों मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद दोबारा सत्तासीन होने जा रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नई सरकार का शपथ ग्रहण कुछ ही घंटों बाद लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में होगा और योगी आदित्यनाथ दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर से लेकर वाराणसी और प्रदेश के दूसरे मंदिरों में भाजपा समर्थक विशेष पूजा अर्चना कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ को गुरुवार को बतौर पर्यवेक्षक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सह पर्यवेक्षक झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की मौजूदगी में एक बार फिर सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायक दल का नेता चुन लिया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत देश भर के गणमान्य मेहमानों के अलावा 70 हजार कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। प्रदेश भर में मंदिरों में लोक कल्याण की कामना के साथ हवन पूजन करके कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह के लिए निकले हैं। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण का यह आयोजन राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। जिलों से मिल रही खबरों के अनुसार शपथ ग्रहण से पहले शुक्रवार की सुबह 8 से 9 बजे के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य भर के मंदिरों में जाकर लोक कल्याण के लिए पूजा अर्चना की। भाजपा के सांगठनिक 27 हजार शक्ति केंद्रों के स्तर पर कार्यकर्ताओं को पार्टी ने यह जिम्मेदारी सौंपी थी। गोरक्षपीठाधीश्वर, महंत योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ जी महाराज जी ने विशेष पूजा और आरती की। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में आदित्यनाथ के सुयशपूर्ण कार्यकाल की कामना की। वाराणसी से मिली खबर के मुताबिक योगी आदित्यनाथ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने से पहले वाराणसी में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर सरकार के लिए आशीर्वाद मांगा।

## रुस का दावा, यूक्रेन के सबसे बड़े मिलिट्री फ्यूट स्टोरेज साइट को तबाह किया



**मास्को।** रूस ने दावा किया हैं, कि उसकी सेना ने यूक्रेन के सबसे बड़े मिलिट्री फ्यूट स्टोरेज साइट को हमले में तबाह कर दिया है। रूस ने इस बड़ी कामयाबी बताया है। इससे पहले रूस ने यूक्रेन के मिसाइल डिपो को हमला कर नष्ट कर दिया है। बता दें कि रूस और यूक्रेन की लड़ाई को एक माह पूरा हो गया है। इस दौरान रूस ने यूक्रेन के एक बड़े भाग पर अपनी तबाही के निशान छोड़े हैं। वहीं यूक्रेन ने कहा है कि मारियूपोल में करीब एक लाख लोग बिना पानी और खाने के फंसे हुए हैं। यहां पर रूस ने जबरदस्त हमले किए हैं। वहीं चेचन नेता रमजान कादिरोव ने दावा किया है कि उसने यहां के सिटी हाल को अपने कंट्रोल में ले लिया है। गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन पर 24 फरवरी को हमले करना शुरू किया था। शुरुआती हमलों के लिए उसने अपने तोपखाने को मैदान में उतारा था लेकिन इसके बाद रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइल और एयर स्ट्राइक के जरिए यूक्रेन पर जबरदस्त हमले किए। इन हमलों की वजह से यूक्रेन के पड़ोसी देशों में शरणार्थियों की संख्या 35 लाख तक पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र लगातार वहां के हालातों को लेकर चिंता जता रहा है। वहीं अमेरिका लगातार रूस को आगाह कर रहा है। हाल ही में अमेरिका ने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति लगातार रूस से बातचीत करने की बात कह रहे हैं। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया था। हालांकि इस प्रस्ताव के दौरान भारत अनुपस्थित रहा था। बता दें कि भारत शुरुआत से ही इस मुद्दे पर अपने तटस्थ रुख पर कायम है।

## महंगाई से परेशान जनता की मांग, कोई टीका महंगाई खत्म करने के लिए बना दें मोदी जी

**नई दिल्ली।** लोगों को महामारी से निजात मिली,तब महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोग कह रहे हैं, मोदीजी जैसे महामारी के खात्मे के लिए टीका बनाया वैसा ही कोई टीका महंगाई खत्म करने के लिए बना दें। जी हाँ, दूध-सब्जी, पेट्रोल-डीजल-एलपीजी-सीएनजी-पीएनजी सभी के दामों में वृद्धि ने महंगाई को सातवें आसमान पर पहुँचा दिया है। एक तरफ सूरज की बढ़ती गर्मी ने देश के अधिकांश हिस्सों में लोगों को गर्मी से परेशान कर रखा है,तब दूसरी ओर खाने-पीने से लेकर उपयोग की हर वस्तु के दाम बढ़ते जाने से लोग परेशान हैं। जहां तक पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की बात है,तब बता दें कि इनकी कीमतों में शुक्रवार को फिर 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। चार दिनों में तीसरी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 97 रुपये 81 पैसे प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत बढ़कर 89 रुपये 07 पैसे हो गई है। पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ी थीं। इसके बाद 23 मार्च को भी इनकी कीमतों में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। बता दें कि उत्तरप्रदेश और पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले चार नवंबर, 2021 से ही पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं। हालांकि, इस अवधि में कच्चे तेल की कीमत 30 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ी थी। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही पेट्रोल एवं डीज़ल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना थी, लेकिन पेट्रोलियम कंपनियों ने कुछ दिन और इंतजार किया। ऐसा कहा जा रहा है, कि अब पेट्रोलियम विपणन कंपनियां अपने घाटे की भरपाई कर रही हैं।




## हरियाणा में भी आप की दस्तक से कांग्रेस के कान खड़े हुए

### सोनिया-राहुल गांधी ने की नेताओं से मुलाकात

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने अपना ध्यान पड़ोसी राज्य हरियाणा केंद्रित कर दिया हैं। हरियाणा में आप की दस्तक से कांग्रेस की टेंशन बढ़ गई है। ऐसे में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर हरियाणा के कांग्रेस नेताओं ने मीटिंग की। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल हुई। बताया जा रहा है कि 2024 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा कांग्रेस प्रमुख कुमारी शैलजा, राज्य एआईसीसी प्रभारी विवेक बंसल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा, एआईसीसी महासचिव रणदीप सुरजेवाला, राज्य की पूर्व प्रमुख किरण चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ विधायक शामिल हुए। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि यह बैठक उसी तरह की है जब इस सप्ताह की शुरुआत में सोनिया गांधी ने हिमाचल कांग्रेस के नेताओं के साथ अगले चुनाव जीतने के लिए आवश्यक मंत्रणा की थी।

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी 2019 के चुनाव परिदृश्य को दोहराना नहीं चाहती है जहां भूपिंदर सिंह हुड्डा को समग्र चुनाव प्रभार दिया गया था और शैलजा को चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में केवल दो महीने के लिए राज्य प्रमुख के रूप में लाया गया था। उस समय कांग्रेस कुछ सीटों से बीजेपी-जेजेपी गठबंधन से हार गई थी।

AAM AADMI PARTY

## खास खबर

### र्मांतरण के खिलाफ अर्जी सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास उच्च न्यायालय के धर्मांतरण पर सुनाए फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में कथित रूप से हिंदू धर्म से अन्य धर्मों में जबरन धर्मांतरण का मुद्दा उठाया गया था। कोर्ट ने कहा कि यह याचिका प्रचार हित से अधिक कुछ नहीं है और इस तरह की दलीलें सद्भाव को बिगाड़ने का काम करती हैं। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि आप वास्तव में इस तरह की याचिकाओं से सामंजस्य बिगाड़ रहे हैं। पीठ ने कहा कि यह याचिका जनहित के बजाय प्रचार हित की अधिक है और इसे तुरंत खारिज कर दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के पिछले साल मार्च में एक जनहित याचिका पर दिए आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्र और तमिलनाडु राज्य सहित अन्य से ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों पर निगरानी के लिए बोर्ड स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि विशेष सरकारी वकील ने तमिलनाडु जबरन धर्मांतरण निषेध अधिनियम, 2002 की एक प्रति प्रस्तुत की है, जिसमें बल के उपयोग से जबरन धर्म बदलने पर रोक लगाने का प्रावधान करता है। अदालत ने कहा कि हम आशा और विश्वास कर सकते हैं कि इस अधिनियम के प्रावधानों का ठीक से पालन होगा।

### देशमुख की जमानत याचिका पर ईडी से हाईकोर्ट का जवाब तलब, सुनवाई 8 अप्रैल तक स्थगित

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई की एकल पीठ ने ईडी को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दायर करने का निर्देश देकर मामले की सुनवाई आठ अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। देशमुख ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया है और उन्होंने अपने खिलाफ ईडी के मुकदमों को ''झूठा एवं फर्जी करार दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता देशमुख को ईडी ने दो नवम्बर 2021 को गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। राकांपा नेता ने विशेष अदालत द्वारा माह के प्रारम्भ में जमानत याचिका खारिज करने के बाद गत मंगलवार को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। वकील अनिकेत निकम और इंदरपाल सिंह के जरिये उच्च न्यायालय में दायर जमानत याचिका में देशमुख ने दावा किया है कि उन्हें ''झूठे और फर्जी%% मामले में फंसाया जा रहा है और ईडी अपने अधिकारों को दुरुपयोग कर रहा है।

### फिल्म कश्मीर फाइल्स नहीं देखने पहुंचे केजरीवाल, सीट खाली रही

**नई दिल्ली।** फिल्म कश्मीर फाइल्स को लेकर सियासी पार्टियों में घमासान बढ़ता जा रहा है। इस बीच दिल्ली बीजेपी नेताओं ने फिल्म डिवीजन में कश्मीर फाइल्स की विशेष स्क्रीनिंग रखी। इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन वे नहीं आए, तब इसके बाद बीजेपी नेताओं ने उनकी कुर्सी को खाली रखा। दरअसल, केजरीवाल ने एक दिन पहले ही द कश्मीर फाइल्स को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि द कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री करने की मांग क्यों उठ रही है। इस यूट्यूब पर डाल देना चाहिए। केजरीवाल ने कहा था कि 8 साल शासन करने के बाद भी एक प्रधानमंत्री को विवेक अग्निहोत्री के चरणों में शरण लेनी पड़े,तब बड़े दुर्भाग्य की बात है, क्या जरूरत पड़ी ये सब करने की ? वहीं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी बीजेपी नेताओं के साथ फिल्म देखी। इसके बाद राष्ट्रीय महामंत्री और राज्य सभा के सांसद दुष्यंत गौतम ने कहा कि केजरीवाल बीरभूम की हिंसा पर एक भी शब्द नहीं बोले। लेकिन अगर कोई दूसरे वर्ग का मामला होता, तब जरूर बोलते। केजरीवाल तुष्टीकरण कर रहे हैं।

### द कश्मीर फाइल्स के बाद दिल्ली दंगों पर फिल्म बनाऊंगा

**मुंबई।** डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री इनदिनों अपनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की सफलता के बाद विवेक दिल्ली में हुए दंगों पर फिल्म बनाएंगे। हालांकि उन्होंने हालिया इंटरव्यू में बॉलिवुड के कल्चर पर खुलकर बात की है। उनका कहना है कि उन्हें सुपरस्टार्स के साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने खूब धमाल मचाया है। फिल्म पहले ही 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। यह फिल्म 1990 में कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार और उनके पलायन पर बनी है।

## वन-टू-वन

### हार्दिक कर सकते हैं पारी की शुरुआत : पंड्या



**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नई टीम गुजरात टाइटन्स की कप्तानी करते नजर आये। हार्दिक आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में अपनी वापसी का भी दावा पेश करना चाहेंगे। वहीं टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा है कि इस बार हार्दिक उनके साथ पारी की शुरुआत भी कर सकते हैं जबकि अब तक वह मध्य क्रम में ही बल्लेबाजी करते रहे हैं। शुभमन अपने क्वारंटीन की अवधि पूरी कर टीम के साथ जुड़े हैं। शुभमन ने साथी खिलाड़ियों के साथ अभ्यास भी किया। जिसका एक वीडियो भी गुजरात फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस वीडियो में शुभमन ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने टीम से जुड़ने पर मेरा स्वागत किया , इससे क्वारंटीन से बाहर आना और टीम के साथ जुड़कर अभ्यास करने का मेरा अनुभव और अच्छा हो गया। मैच अभ्यास से भी मुझे लाभ मिला है और ऐसे में आने वाले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आईपीएल में गुजरात टाइटन्स का पहला मुकाबला 28 मार्च को दूसरी नई लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा।

### डुप्लेसिस ने कहा , विराट का अनुभव किसी से कम नहीं

**मुम्बई।** फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के नये कप्तान बने फॉफ डुप्लेसिस ने पूर्व कप्तान विराट कोहली की सराहना करते हुए कहा है कि वह भारतीय क्रिकेट और आरसीबी के लिए बहुत अच्छे नेता रहे हैं और उनका अनुभव और ज्ञान किसी से कम नहीं है। फॉफ ने कहा कि वह अपने को बहुत भाग्यशाली पाते हैं क्योंकि आरसीबी की एक मजबूत टीम उन्हें मिली है जिसका श्रेय विराट को जाता है। विराट ने गत वर्ष आईपीएल 2021 के बाद आरसीबी की कप्तानी छोड़ दी थी जिसके बाद यह जिम्मेदारी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डु प्लेसिस को सौंप दी गई थी। डुप्लेसिस को फ्रैंचाइजी ने 7 करोड़ रुपए में खरीदा था। अब टीम के नये कप्तान के रूप में फॉफ के सामने बड़ी जिम्मेदारी आईपीएल खिताब जीतना रहेगी। स्टार खिलाड़ियों के होते हुए भी आरसीबी अभी तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी है। कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारियों को लेकर उन्होंने कहा कि हमेशा एक उम्मीद होती है कि आप जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें। यह थोड़ी अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ आता है, कुछ लोग कह सकते हैं कि यह थोड़ा अतिरिक्त दबाव है पर मेरे लिए भाग्यशाली है कि मैं लंबे समय से आसपास रहा हूं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में और आईपीएल क्रिकेट में भी, तो मेरे पास वह है अनुभव जो इसके साथ आता है। उन्होंने टीम के अन्य खिलाड़ियों ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक की भी प्रशंसा की और कहा कि इन खिलाड़ियों की बदौलत ही उन्हें खिताब जीतने की उम्मीद है।

### बैंक 26 से 28 तक रह सकते हैं बंद

**नई दिल्ली।** शनिवार 26 मार्च से लगातार चार दिन बैंक बंद 26 मार्च को माह का चौथा शनिवार और 27 मार्च को रविवार होने की वजह से बैंकों में छुट्टी वहीं 28-29 मार्च को विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने दो दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। इससे बैंक सेवाओं पर भी असर पड़ सकता है, एटीएम खाली रह सकते हैं। एसबीआई के अनुसार भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने उसे सूचित किया है कि ऑल इंडिया बैंक इंप्लॉइज एसोसिएशन (एआईबीईए), बैंक इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) ने नोटिस देकर देशव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसले के बारे में जानकारी दी है। हड़ताल का आह्वान सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण और बैंक कानून संशोधन विधेयक 2021 के विरोध में किया गया है। इस बार ग्रामीण बैंकों ने भी हड़ताल में शामिल होने की सहमति दी है। ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इंप्लॉइज एसोसिएशन की तरफ से भी हड़ताल का नोटिस केंद्र सरकार को पिछले महीने भेज दिया गया है। यह हड़ताल मूलत~ मजदूरों की है और इसका आह्वान केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने किया है। देश के 11 ट्रेड यूनियन हड़ताल को समर्थन दे रहे हैं। इनमें संगठित और असंगठित क्षेत्र के कामगार शामिल हैं।

### पतंजलि का पांच साल में देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी बनने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पतंजलि आयुर्वेद समूह और उसकी अनुषंगी रुचि सोया का सम्मिलित वार्षिक कारोबार करीब 35,000 करोड़ रुपए है और यह अगले पांच वर्षों में भारत की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है। बाबा रामदेव ने हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पतंजलि आयुर्वेद अपने सभी खाद्य कारोबार को सूचीबद्ध इकाई रुचि सोया इंडस्ट्रीज में मिलाएगी। हमने पतंजलि आयुर्वेद और रुचि सोया को अगले पांच वर्षों में भारत की सबसे बड़ी खाद्य एवं एफएमसीजी कंपनी बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने दावा किया कि पतंजलि आयुर्वेद फिलहाल देश की दूसरी बड़ी खाद्य एवं एफएमसीजी कंपनी है। पतंजलि समूह की कई कंपनियों का आने वाले समय में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाया जाएगा लेकिन उन्होंने इसकी कोई समयसीमा नहीं बताई। बाबा रामदेव ने समूह की मौजूदा राजस्व स्थिति के बारे में पूछे जाने पर कहा ?कि रुचि सोया को मिलाकर पतंजलि समूह का साझा कारोबार 35,000 करोड़ रुपए से अधिक है।

# टाटा आईपीएल शनिवार से शुरु होगा , खिताब के लिए उतरेंगी दस टीमें

### दर्शकों को भी मिलेगा प्रवेश

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 15 वां सत्र शनिवार से यहां शुरु हो रहा है। इस बार आईपीएल की प्रायोजक टाटा है क्योंकि चीनी कंपनी विवो को हटाये जाने के बाद टाटा ने दो साल के लिए करार किया है। ऐसे में यह टूर्नामेंट टाटा आईपीएल के नाम से जाना जाएगा। इस बार आईपीएल में आठ की जगह दस टीमें भाग लेंगीं । दो नई टीमें लखनऊ सुपरजायंट्स और गुजरात टाइटन्स शामिल की गयी हैं। लखनऊ की कप्तानी लोकेश राहुल जबकि गुजरात की हार्दिक पंड्या के पास है। आईपीएल का पहला मुकाबला मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और गत उप विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच होगा। इस बार का आईपीएल इसलिए विशेष है क्योंकि इसमें दर्शक भी नजर आयेंगे। इससे पहले हुए आईपीएल में कोरोना महामारी के खतरें को देखते हुए दर्शकों को प्रवेश नहीं मिला था।

कोरोना पर नियंत्रण के बाद यह पहली बार होगा जब दर्शक स्टेडियम में नजर आयेंगे




हालांकि उन्हें कोविड नियमों का पालन करना पड़ेगा। आईपीएल के सभी मैच भारत में खेले जाएंगे और स्टेडियम की क्षमता के 25 फीसदी दर्शकों को इसमें प्रवेश मिलेगा जबकि पिछली आईपीएल दो चरणों में खेला गया था। तब पहला चरण भारत में हुआ था और दूसरा यूएई में खेला गया था। इस बार दो नई टीम के शामिल होने से मैचों की कुल संख्या 60 से बढ़कर 74 पहुंच गई है। ऐसे में अब यह टूर्नामेंट दो महीने से भी अधिक समय तक चलेगा। इसमें सभी टीमों को लीग चरण में 14 मैच खेलने होंगे। आयोजन समिति ने इस बार संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए सभी लीग मैच मुंबई और पुणे के तीन स्थानों पर ही रखे हैं , ऐसे में पिच क्यूरेटर का काम जरुर बढ़ जाएगा पर खिलाड़ियों को कम यात्राएं करनी पड़ेगी। आईपीएल में खेल रहे दुनिया भर के खिलाड़ियों को इससे आस्ट्रेलिया में होने वाली टी20 विश्व कप के पहले अपने प्रदर्शन की समीक्षा का भी मौका मिलेगा। वहीं भारतीय टीम में जगह बनाने या वापसी के प्रयासों में लगे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को दिखाने का भी अवसर मिला है।

वहीं पांच बार की विजेता मुंबई इंडियन्स की टीम को अपने घरेलू मैदान पर खेलने का अवसर मिलेगा पर मुम्बई के कप्तान रोहित शर्मा ने इसके अतिरिक्त लाभ मिलने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। वहीं टीम में शामिल सूर्यकुमार यादव, कीरोन पोलार्ड, जसप्रीत बुमराह और इशान किशन इन हालातों का पूरा लाभ उठाना चाहेंगे। दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की नजरें अपने पूर्व कप्तान विराट कोहली के प्रदर्शन पर रहेंगी। आरसीबी इस बार फाफ डु प्लेसी की कप्तानी में पहली जीत दर्ज करने के

### मुंबई इंडियंस जीत सकती है आईपीएल खिताब : गावस्कर



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि इस बार मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल खिताब जीत सकती है। गावस्कर ने कहा कि मुम्बई के पास रोहित शर्मा जैसे शानदार कप्तान होने के साथ ही जसप्रीत बुमराह जैसा तेज गेंदबाज भी है। ऐसे में टीम को जीत दर्ज करने में अधिक परेशानी नहीं आनी चाहिये। साथ ही कहा कि मुंबई पहले से ही काफी संतुलित टीम रही है और उसे इसका लाभ इस बार भी मिलेगा। गावस्कर ने कहा कि क्विटंन डी कॉक, हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी इस बार मुम्बई के पास नहीं हैं पर इससे फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने साफ कहा कि मुंबई ने एक बार फिर से संतुलित टीम बनाई है जबकि दूसरी ओर हार्दिक पंडया की कप्तानी में उतर रही नई टीम गुजरात टाइटन असंतुलित है। गावस्कर के अनुसार गुजरात टीम शायद ही कोई कमाल कर पाये। उन्होंने इसका कारण बताते हुए कहा कि टीम के पास मध्यक्रम में टिककर रन बनाने वाले बल्लेबाज नहीं हैं पर गेंदबाजी को उन्होंने ठीक करार दिया। गावस्कर ने यह भी कहा कि टीम के पास हार्दिक और शुभमन गिल जैसे पावर हिटर हैं पर उनसे अधिक उम्मीद नहीं की जा सकती है। इससे बल्लेबाजी क्रम असंतुलित हो जाता है।

# महिला विश्वकप : ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

### बेथ मूनी ने बनाये नाबाद 66 रन

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय महिला विश्व कप क्रिकेट के अपने सातवें लीग मुकाबले में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर अपने सभी मैच जीत लिए हैं। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम अंकतालिका में नंबर एक स्थान पर पहुंचने के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। इस मैच में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बारिश की बाधा के कारण इस मैच के ओवरों को घटाकर इसे 43 ओवर का कर दिया गया था। बांग्लादेश टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर केवल 135 रन ही बना पायी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 136 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बेथ मूनी के नाबाद 66 रनों की सहायता से 32.1 ओवर में ही पांच विकेट पर 136 रन बनाकर जीत हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। ऑफ स्पिनर सलमा खातून ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 रनों के अंदर ही अपने चार विकेट गंवा दिये। इसके बाद बेथ



मूनी ने अनाबेल सदरलैंड के साथ 66 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। अनाबेल ने 26 रन बनाये। वहीं बांग्लदेश की ओर से सलमा खातून ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शीर्ष खिलाड़ियों एलिसा हीली 15, राचेल हेन्स 7 और कप्तान मेग लैनिंग को खाता खोल बिना ही पेवेलियन भेज दिया। वहीं इसके बाद नाहिदा अख्तर ने ताहिला मैकग्रा को 3 रन पर आउट करके स्कोर चार विकेट पर 41 रन कर दिया जो गार्डनर 13 के आउट होने से पांच विकेट पर 70 रन हो गया। इसके बाद मूनी और सदरलैंड ने किसी ओर नुकसान के बिना ही अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# आईपीएल में राजस्थान की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं मिशेल



**मुंबई।** न्यूजीलैंड केऑल राउंडर डेरिल मिशेल का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में समय के साथ ही पिचें धीमी होंगी। ऐसे में उस टीम को लाभ होगा जो इसके अनुरुप अपने को ढ़ाल लेगी। अपने पहले आईपीएल सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलने जा रहे मिशेल ने कहा, 'मुझे लगता है कि जैसे जैसे लीग चरण समाप्त होगा, पिचें धीमी होंगी । ऐसे में हमें पिच के अनुरुप ढ़लते हुए सही तरीके से खेलना होगा।। राजस्थान रॉयल्स ने मिशेल को 75 लाख रूपए में खरीदा था और अब वह हर प्रकार से टीम की जीत में अपनी ओर से योगदान देना चाहता है। इस क्रिकेटर ने कहा, 'मेरा लक्ष्य है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाऊं। मुझे गर्व है कि मैं यहां राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और टीम को मैदान के अंदर सहायता देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगा। मिशेल इसके अलावा साथ क्रिकेटर नाथन कूल्टर नाइल और श्रीलंका के महान क्रिकेटर लसिथ मलिंगा के साथ खेलने को लेकर भी उत्साहित हैं। मलिंगा राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच हैं। कूल्टर ने अपने पूर्व मुंबई इंडियंस साथी मलिंगा के बारे में कहा, 'वह अविश्वसनीय है, जब मैं मुंबई में था तो उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना शानदार रहा था और अब रॉयल्स में कोच के तौर पर उनका मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही कहा कि अभ्यास के दौरान उन्हें मलिंगा से गेंदबाजी की बारीकियां सीखने को मिलेंगी।

### कमजोरी के साथ खुले शेयर बाजार

#### - सेंसेक्स 110 अंक टूटा, निफ्टी 17,200 पर



**मुंबई।** एशियाई बाजारों में कमजोर रूख के बीच मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा जैसे बड़े शेयरों में गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 110 अंकों से अधिक गिर गया। तीस शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 111.14 अंकों की गिरावट के साथ 57,484.54 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 18.25 अंक की कमजोरी के साथ 17,204.50 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयरों को शुरुआती कारोबार में नुकसान उठाना पड़ा। वहीं भारती एयरटेल, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर फायदे में रहे। पिछले कारोबारी दिवस गुरुवार को भी बाजार गिरावट पर रहे थे। 89.14 अंक की गिरावट के साथ 57,595.68 पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22.90 अंक की गिरावट के साथ 17,222.75 अंक पर बंद हुआ।

# तेल और गैस के भुगतान के लिए बिटकॉइन स्वीकार करेगा रूस

**मुंबई।** रूसी सरकार ने कहा ?कि देश तेल और गैस के भुगतान के लिए बिटकॉइन स्वीकार करेगा। दरअसल पश्चिमी देशों ने यूक्रेन पर आक्रमण के कारण रूस पर सख्त प्रतिबंध लगाए हैं। रूस की कांग्रेस ऊर्जा समिति के अध्यक्ष पावेल जावलनी ने हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा ?कि रूस अपने प्राकृतिक संसाधनों के निर्यात के लिए बिटकॉइन स्वीकार करने के लिए खुला है। हालांकि अध्यक्ष ने कहा कि शर्तें रूस के साथ आयात करने वाले देश के विदेशी संबंधों की स्थिति पर निर्भर करेंगी। पावेल ने कहा ?कि जब चीन या तुर्की जैसे हमारे मित्र देशों की बात आती है तो हम उन्हें कुछ समय के लिए रूबल और युआन जैसी राष्ट्रीय मुद्राओं में भुगतान स्विच करने की पेशकश करते हैं। तुर्की के साथ, यह लीरा और रूबल हो सकता है। अगर वे बिटकॉइन चाहते हैं, तो हम बिटकॉइन में व्यापार करेंगे। जावलनी का बयान बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की टिप्पणियों के बाद आया। इसमें मांग की गई थी कि अमित्र देश रूसी



गैस के लिए रूबल में भुगतान करते हैं। पुतिन की घोषणा ने यूरोपीय गैस की कीमतों को चिंता में डाल दिया कि इस कदम से पहले से ही दबाव में ऊर्जा बाजार बढ़ सकता है। स्टेट ड्यूमा की ऊर्जा समिति के अध्यक्ष ने पुतिन के फैसले को प्रतिध्वनित करते हुए कहा कि देश को भी सोना स्वीकार करना चाहिए। जावलनी ने कहा ?कि जब हम पश्चिमी देशों के साथ लेन-देन करते हैं तो उन्हें कठिन धन का भुगतान करना चाहिए और यह हमारे लिए सोना है या उन्हें उन मुद्राओं में भुगतान करना होगा जो हमारे लिए सुविधाजनक हैं और वह है राष्ट्रीय मुद्रा रूबल। यह हमारे अमित्र देशों से संबंधित है।

### पेट्रोल और डीज़ल फिर 80 पैसे प्रति लीटर बढ़ा

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में शुक्रवार को एक बार फिर 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। चार दिनों में तीसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 97.01 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 97.81 रुपए प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत 88.27 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 89.07 रुपए हो गई है। पेट्रोल तथा डीज़ल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं। इसके बाद 23 मार्च को भी इनकी कीमतों में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले चार नवंबर, 2021 से ही पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं। हालांकि इस अवधि में कच्चे तेल की कीमत 30 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गई थी।

# दूसरी छमाही में लॉन्च हो सकती है क्रेटा

### सेल के लिए साल 2023 से उपलब्ध होने की संभावना

**नई दिल्ली।** जानी-मानी कंपनी ह्यूंदै मोटर्स इंडिया कंपनी ने नई ह्यूंदै क्रेटा फेसलिफ्ट से पर्दा उठा दिया है। कंपनी 2022 क्रेटा फेसलिफ्ट को बैंकॉक इंटरनेशनल मोटर शो में पेश कर दिया है। इससे पहले क्रेटा को 2021 में गैकींडो इंटरनेशनल ऑटो शो में भी पेश किया जा चुका है। इस कार के फेसलिफ्ट लॉन्च के बारे में लगातार खबरें सामने आ रही हैं।

कंपनी इसे साल 2022 की दूसरी छमाही में भारत में लॉन्च कर सकती है वहीं मार्केट में सेल के लिए यह कार साल 2023 से उपलब्ध होने की संभावना है। 2022 हयूदै क्रेटा फेसलिफट कंपनी की प्रीमियम एसयूवी हयूदै टूकसन से काफी इंस्पायर्ड है, जिसका फ्रंट बिल्कुल नया है और इसमें रिडिजाइन्ड ग्रिल के साथ ही दोनों तरफ एलईडी डीआरएल लगे हैं। इसमें अल बिम प्रोजेक्टर हेडलैंप के साथ ही नया फ्रंट बंपर और सिल्वर कलर का फॉक्स स्किड प्लेट लगा है। इसमें नए डिजाइन वाले डुअल टोन अलॉय व्हील्ज लगे हैं। अपकमिंग ह्यूंदै




क्रेटा फेसलिफ्ट में मौजूदा मॉडल के मुकाबले काफी सारे लेटेस्ट फीचर्स देखने को मिलेंगे, जिनमें एडवांस ड्राइवर असिस्ट सिस्टम भी है। इसके साथ ही एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले सपोर्ट वाला 10.25 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, एयर प्यूरिफायर, वेंटिलेटिड फ्रंट सीट्स, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, बोस स्टीरियो सिस्टम, पैनारोमिक सनरूफ, ब्लूलिंक कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी समेत कई स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स हैं। बता दें कि फेमस एसयूवी हयूंदै क्रेटा इंडिया की सबसे पॉप्युलर एसयूवी कारों में से एक। इस कार के अपडेटेड मॉडल का भारत में बायर्स को बेसब्री से इंतजार है।

### भारत में अगले दो दशक में 2,200 नए विमानों की जरूरत होगी: एयरबस

**हैदराबाद।** दिग्गज विमान विनिर्माता एयरबस ने कहा ?कि भारत में विमानन परिदृश्य बेहतर होने से यहां पर अगले दो दशक में 2,210 नए विमानों की जरूरत होगी। एयरबस के एयरलाइन विपणन प्रमुख (भारत एवं दक्षिण एशिया) ब्रेंट मैकब्रैटनी ने कहा कि भारत में अगले दो दशक में बड़ी संख्या में नए विमानों की जरूरत होगी। इनमें से 1,770 विमान छोटे आकार के तथा 440 विमान मध्यम एवं बड़े आकार के होने चाहिए। मैकब्रैटनी ने कहा कि अगले दो दशक में पुराने विमानों की जगह लेने और उद्योग के विस्तार की मांग को पूरा करने के लिए इन नए विमानों की जरूरत पैदा होगी। भारतीय विमानन उद्योग के विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए उसे वर्ष 2040 तक 34,000 अतिरिक्त पायलट और 45,000 तकनीकी स्टाफ की भी जरूरत होगी। भारत में हवाई परिवहन के अगले दो दशक में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। इस अवसर पर एयरबस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (भारत एवं दक्षिण एशिया) रेमी मेलार्ड ने कहा कि लंबी दूरी वाली उड़ानों का 94 प्रतिशत विदेशी विमानन कंपनियों के पास है। लिहाजा भारतीय एयरलाइंस के पास विस्तार की काफी गुंजाइश है। मेलार्ड ने भारतीय बाजार के लिए एयरबस ए-350 विमान को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि भारत में लंबी दूरी की उड़ानों को संचालित कर विमानन परिदृश्य बदलने में यह विमान रणनीतिक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में हवाई परिवहन पिछले 20 वर्षों में नौ गुना बढ़ा है और यह दुनिया का तीसरा बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन चुका है।

# जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल



जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल  आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस का अंदाज काफी प्यारा लग रहा है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एक्टिंग करने की कोशिश। इस वीडियो में जेनेलिया का अंदाज देखने लायक है। जेनेलिया के इस वीडियो को लेकर जहां कुछ फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं तो वहीं कुछ यूजर उनसे दोबारा बॉलीवुड से जुड़ने की बात कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपने पति और एक्टर रितेश देशमुख के साथ कई वीडियो शेयर किये हैं। जेनेलिया डिसूजा और रितेश देशमुख का कुछ दिनों पहले वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक्टर अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ पूल साइड खड़े होकर डांस करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्म तुझे मेरी कसम से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने तेलुगू फिल्मों में भी खूब पहचान बनाई। बॉलीवुड में जेनेलिया डिसूजा ने जाने तू या जाने ना और मस्ती जैसी फिल्मों कई फिल्मों में नाम कमाया। बता दें ?कि जेनेलिया डिसूजा इन दिनों भले ही फिल्मों से दूर हों।

## पलक जल्द विवेक ओबेरॉय के साथ आएंगी नजर

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी जल्द ही बॉलीवुड में एंट्री करने वाली हैं। बेहद स्टाइलिश और खूबसूरत पलक तिवारी फिल्म रोजी-द सैफरन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं।



इस फिल्म में उनके साथ विवेक ओबेरॉय हैं। इस फिल्म को विशाल रंजन मिश्रा डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम की है। सच्ची घटना पर आधारित ये कहानी कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़की की है जो अचानक शहर से लापता हो जाती है। फिल्म में हॉरर के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा। बता दें कि पलक आए दिन अपनी दिलकश अंदाज और नए नए पोज में फोटो खिंचवाती रहती हैं। अपनी सारी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर भी करती हैं। इनकी फोटो किसी को भी दीवाना बना सकती हैं। सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी पलक अपने ग्लैमरस लुक और मेकअप स्किल्स की वजह से काफी पसंद की जाती हैं। पलक की खासियत ये है कि मिनी ड्रेस, मिनी स्कर्ट से लेकर वन पीस ड्रेस हर तरह की ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखती हैं, लेकिन अब पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से दूरी बना ली है। पलक ने अपने सौतेले पिता अभिनव कोहली के खिलाफ डॉमेस्टिक वॉयलेंस का आरोप लगाते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जो काफी सुर्खियों में रहा। पलक तिवारी श्वेता तिवारी की पहले पति राजा चौधरी की इकलौती संतान हैं।

## अयूब खान के नम्र व्यवहार से प्रभावित हुं: करन खंडेलवाल

टीवी और फिल्मों के नए अभिनेताओं को अपने वरिष्ठ अभिनेताओं से बहुत कुछ सीखने मिलता हैं। लंबे समय से उद्योग में होने के नाते, अनुभवी अभिनेताओं के पास बहुत सारा ज्ञान और



अनुभव होता हैं जो युवा, महत्वाकांक्षी अभिनेताओं को मार्गदर्शक देने में मदद कर सकता हैं। दंगल टीवी के शो रंजू की बेटियां में लकी का किरदार निभाने वाले अभिनेता करन खंडेलवाल कहते है कि अयूब खान, दीपशिका नागपाल और रीना कपूर जैसे कलाकारों के साथ काम करना शो की सबसे अच्छी बात है। अपने अनुभव के बारे में साझा करते हुए, करन कहते हैं, शो में मैं अयूब खान और दीपशिखा नागपाल के बेटे का किरदार निभा रहा हूं जो एक अमीर, बिगड़ैल लड़का है। इस किरदार को निभाना मजेदार है।

# मुझे मेरे किरदार रंजू के लिए बिहारी लहजा सीखना पड़ा:रीना कपूर



अभिनय एक ऐसा शिल्प है जिसमें दिए गए चरित्र की बारीकियां पकड़ कर उसे अच्छी तरह निभाना अनिवार्य है। एक अभिनेता अपने किरदार को सही तरह पकड़ने के लिए उसकी बोली पकड़ने कि कोशिश करता है और यहां तक कि उसका चलने का ढंग भी सीखता है। रीना कपूर, जो वर्तमान में दंगल टीवी के नए शो रंजू की बेटियां में शीर्षक भूमिका में दिखाई दे रही हैं, ने चरित्र के लिए अपने तय्यारी के तरीके साझा किए हैं। वह उल्लेख करती है कि उन्हे रंजु को वास्तव में चित्रित करने के लिए बहुत कुछ सीखना है। यह मुजफ्फरपुर, बिहार में आधारित एक कहानी है। इसलिए, मुझे उस जगह की बोली सीखनी पड़ी। वे श को स  के रूप में उच्चारण करते हैं और यह कुछ ऐसा था जिस पर मुझे काम करना था। इसके अलावा, रंजू बहुत ज्यादा पढ़ी -लिखी नहीं है, इसलिए मैं उस स्वर में बात करने की कोशिश करती हूं, जहां वह 'फोन' को 'फ्होन' कहती है। इसलिए, जब भी मुझे अपने शॉट्स के बीच समय मिलता है, मैं अपनी स्क्रिप्ट पढ़ती हूं और एक सामान्य बिहारी महिला की तरह टोन को परफेक्ट करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि यह बहुत मुश्किल है क्योंकि यह ऐसा कॉन्सेप्ट है जो हम अपने आस-पास देखते हैं और यह मेरे लिए बहुत अलग या नया नहीं है। सौभाग्य से, मैंने इसका अनुभव नहीं किया होगा, लेकिन दुर्भाग्य से, मैंने इसे अपने आसपास देखा है। तो नहीं, चरित्र को समझना मुश्किल नहीं था। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस किरदार के लिए मुझे स्वीकार करेंगे।



## संकट में इमरान

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर विपक्ष गद्दी छोडने का दबाव बना रहा है लेकिन क्रिकेटर राजनेता बने इमरान इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। दूसरी तरफ सेना प्रमुख भी इमरान से नाराज हैं। अब मामला संसद में अविश्वास प्रस्ताव के फैसले पर ही अटका हुआ है। विपक्षी दल संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश करना चाहते हैं। इमरान के लिए चिंता की बात यह है कि उनकी पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ के भी कई सदस्य उनके खिलाफ खड़े हैं और विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला चुके हैं। ऐसे में अगर अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है तो उनकी सरकार गिरनी तय है। इस समय स्थिति साफ है कि 342 सदस्यों वाली संसद में इमरान खान के पास संसद में पर्याप्त नंबर्स नहीं हैं। वहीं सेना ने इस मामले में सीधे तौर पर कोई दखल न देने की बात कही है। जैसे-जैसे नो कॉन्फिडेंस मोशन की तारीख पास आ रही है इमरान खाने के लिए बचने के सारे रास्ते भी बंद हो रहे हैं। अगर इमरान खान इस्तीफा नहीं देते हैं तो इस्लामाबाद के हालात खराब हो सकते हैं और सेना को भी दखल देना पड़ सकता है। अब एक तरफ इमरान खान के सहयोगी बागियों को मनाने में लग गए हैं तो दूसरी तरफ इमरान खान ने इस्लामाबाद में बड़ी जनसभा करने की बात कही है। दरअसल जिस आईएसआई के दम पर वह सरकार चला रहे थे आज वही उन्हें गद्दी से उतार फेंकने पर उतारू है। उधर भारत की सेना और विदेश नीति की तारीफ करने के बाद न केवल सेना के आला अफसर भड़के हुए हैं बल्कि विपक्षी दल इसके सहारे उनके खिलाफ माहौल बना रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने रूस से तेल आयात को लेकर भारत की तारीफ की थी और कहा था कि हमारे पड़ोसी देश की विदेश नीति आजाद है। इसके बाद उन्होंने भारतीय सेना की भी तारीख की और कहा कि इंडियन आर्मी भ्रष्ठ नहीं है। वह चुनी हुई सरकार में कभी दखल नहीं देती। कुल मिलाकर पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार पर सियासी संकट छाया हुआ है। नेशनल असेंबली में स्पीकर ने प्रस्ताव पर चर्चा की तारीख 25 मार्च मुकर्रर कर दी है। अगर सदन में विपक्षी दलों के मंसूबे कामयाब हो जाते हैं तो अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता गंवाने वाले खान पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री होंगे। पाकिस्तान में आर्थिक स्थिति पर तनाव बना हुआ है। बढ़ती महंगाई के चलते इमरान सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विपक्ष का मानना है कि मुल्क के इस हालात के लिए पीएम खान की सरकार जिम्मेदार है। साथ ही विपक्षी नेता पाकिस्तान पर बढ़ते कर्ज और बेरोजगारी के मुद्दे पर भी सरकार पर निशाना साध रहे हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शहबाज शरीफ का कहना है कि यह फैसला देश के फायदे में लिया गया है। 8 मार्च को विपक्षी दलों के गठबंधन, पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के कुछ वरिष्ठ सांसदों ने खान के खिलाफ सियासी मोर्चा खोल दिया था। उस दौरान दो तरह के दस्तावेज दाखिल किए गए। नेताओं ने संविधान के अनुच्छेद 95 के तहत अविश्वास प्रस्ताव जमा किया। साथ ही अनुच्छेद 54(3) के तहत नेशनल असेंबली का सत्र बुलाने के लिए नोटिस दिया ताकि सदन में प्रस्ताव पेश किया जा सके। नेशनल असेंबली में कुल सदस्यों की संख्या 342 है। इस लिहाज से अविश्वास प्रस्ताव को पास होने के लिए 172 सदस्यों के समर्थन की जरूरत है। पीडीएम के अध्यक्ष फजलुर रहमान का दावा है कि उन्हें 180 का आंकड़ा हासिल है। जानकारों का मानना है कि विपक्ष के पास अविश्वास प्रस्ताव आखिरी दांव की तरह है। ऐसे में अगर उन्हें संख्या पर यकीन नहीं होता तो यह शायद वे यह कदम नहीं उठाते।

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी अपने ही नेताओं के निशाने पर आ गई है। जी-23 ग्रुप के नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने तो सीधे गांधी परिवार पर हमला करते हुए उन्हें पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर दूसरे किसी कांग्रेस जन को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने तक की मांग कर डाली है। कपिल सिब्बल के बाद बहुत से नेताओं ने भी पार्टी संगठन में आमूलचूल बदलाव की मांग की है। कांग्रेस पार्टी इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। कांग्रेस पार्टी दो बार लोकसभा तथा राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार हारती जा रही है।

हाल ही में कांग्रेस पार्टी को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा व मणिपुर में बहुत बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रांत में तो कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ हो गया है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां भाजपा का प्रदर्शन लगातार अच्छा होता जा रहा है। वही कांग्रेस दिनों दिन कमजोर होती जा रही है। कुछ दिनों पूर्व संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महज दो सीटें ही जीत सकी है। जबकि 2017 में कांग्रेस 7 सीटों पर विजय हुई थी। इस बार कांग्रेस को 21 लाख 51 हजार 234 वोट मिले जो पिछली बार 54 लाख 16 हजार 540 वोटों की तुलना में 32 लाख 65 हजार 306 वोट यानी 3.92 प्रतिशत कम मिले हैं। इस बार कांग्रेस 397 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जबकि पिछली बार समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते महज 114 सीटों पर ही चुनाव लड़ पाई थी।

उत्तराखंड में कांग्रेस 70 में से 19 सीटें ही जीत पाई है। जबकि इस बार कांग्रेस को सबसे अधिक विश्वास उत्तराखंड में सरकार बनाने का था। मगर वहां 4.40 प्रतिशत वोट बढ़ने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार बनाने से बहुत पीछे रह गई। इतना ही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इस बार भी लालकुआं विधानसभा सीट से भाजपा के डॉ मोहन सिंह बिष्ट से करीब 17 हजार वोटों से चुनाव हार गए। 2017 में भी हरीश रावत मुख्यमंत्री रहते दो विधानसभा सीटों से चुनाव हार गए थे।

कांग्रेस को सबसे बुरी स्थिति का पंजाब में सामना करना पड़ा है। यहां कांग्रेस महज 18 सीटों पर ही सिमट कर रह गई। उसे 59 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी घटकर 22.98 प्रतिशत रह गया है। जो पिछली बार की तुलना में 15.66 प्रतिशत कम है। कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे चरणजीत सिंह चन्नी दोनों विधानसभा सीटों चमकौर साहिब व भदौड़ से तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्व सीट से चुनाव हार गए हैं। इसके अलावा कांग्रेस के अधिकांश मंत्री व बड़े नेता चुनाव हार गए हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के बाद पंजाब में भी कांग्रेस से सत्ता छीन ली है।

राजनीति के जानकार गोवा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस की सरकार बनने के कयास लगा रहे थे। लोगों का मानना था कि लगातार 15 साल से सत्ता में रहने के कारण भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर व्याप्त हो रही थी। जिसका लाभ कांग्रेस को मिलता नजर आ रहा था। मगर चुनाव परिणामों में कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई। कांग्रेस को 40 में से महज 11 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। 20 सीटें जीतकर भाजपा फिर सरकार बनाने जा रही है। गोवा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पिछली बार की तुलना में 6 सीटों का व 4.58 प्रतिशत वोटों का घाटा उठाना पड़ा है। गोवा के मतदाताओं ने कांग्रेस की पिछली बार की गलती को माफ नहीं किया है। रही सही कसर वहां आम आदमी पार्टी व तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशियों ने कांग्रेस के वोट काटकर पूरी कर दी। गोवा में तो लगता है कि कांग्रेस में आने वाले समय में कोई बड़ा नेता नहीं बचेगा। वहां आप, तृणमूल कांग्रेस व भाजपा की नजर कांग्रेस के नेताओं को तोड़कर अपने पाले में लाने पर लगी हुई है। मणिपुर विधानसभा के चुनाव में भी कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में आ गई है। इस बार कांग्रेस महज 5 सीटें ही जीत पाई है। जबकि पिछली बार उसने 28 सीटों



पर चुनाव जीता था। पिछली बार की तुलना में वहां कांग्रेस को 18.17 प्रतिशत वोट भी कम मिले हैं। उत्तर पूर्व के सभी आठों राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई है। 2014 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस केंद्र की सत्ता से बाहर हो गई थी। फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस हार गई थी। इसके साथ ही राज्य विधानसभाओं के चुनाव में भी कांग्रेस को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। 2018 जरूर कांग्रेस के लिए कुछ अच्छा रहा। इस वर्ष कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में अपनी सरकार बनाई। मगर पार्टी में नेताओं की आपसी गुटबाजी के चलते कर्नाटक व मध्य प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस में दलबदल करवा कर अपनी सरकार बनवा ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने साथी विधायकों को संतुष्ट नहीं कर पाए। जिसके चलते उन्हें सत्ता गंवानी पड़ी। अभी राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार चल रही है। महाराष्ट्र व झारखंड में कांग्रेस गठबंधन सरकार में शामिल है। कभी पूरे देश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस आज महज दो- चार प्रदेशों तक ही सिमट कर रह गई है। कांग्रेस के बड़े नेता जितिन प्रसाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुष्मिता देव, लुइजिन्हो फलेयरो, आर पी एन सिंह, आदिति सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की मीटिंग में रश्मि तौर पर तो सभी ने गांधी परिवार पर भरोसा जताया। सोनिया गांधी को पद बने रहने का प्रस्ताव पास कर दिया था। मगर पार्टी के अंदर खाने लोगों में बदलाव की मांग तेज होती जा रही है। बहुत से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति को बनाने की मांग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में 397 सीटो पर चुनाव लड़ने पर कांग्रेस को महज 2.33 प्रतिशत वोट मिले। जबकि मात्र 34 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले राष्ट्रीय लोकदल को कांग्रेस से अधिक 2.85 प्रतिशत वोट मिले हैं। उत्तर प्रदेश से लोकसभा की 80 सीटें आती हैं। वहां कांग्रेस का महज दो सीटों पर सिमट जाना पार्टी के लिए चिंतन मनन का विषय है। जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पिछले तीन वर्षों से उत्तर प्रदेश में लगातार पार्टी को मजबूत करने में लगी हुई है। उनका पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर ही रहा है। पंजाब में ऐन चुनाव से पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाकर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाना कांग्रेस के लिये आत्मघाती कदम साबित हुआ। पार्टी द्धारा नियुक्त प्रदेश प्रभारियों का खूब विरोध हो रहा है। अधिकांश प्रभारी ऐसे नेताओं को लगाया गया है जो स्वंय कई चुनाव हार चुके हैं। ऐसे नेता जो खुद चुनाव नहीं जीत सकते वो संगठन को कैसे मजबूत करेगें यह ज्वलंत सवाल है। हरियाणा में सिटींग विधायक रहते विधायक का चुनाव हारने वाले रणदीप सिंह सुरजेवाला के पास पार्टी के कई बड़े पद हैं। विवादों के चलते राजस्थान के प्रभारी महासचिव के पद से हटाये गये अविनाश पांडे को फिर से महासचिव व झारखंड का प्रभारी बना दिया गया हैं। दिल्ली में कांग्रेस का सफाया करने वाले अजय माकन पार्टी के महासचिव व राजस्थान के प्रभारी बने हुये हैं। माकन ही पंजाब में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष थे जिन पर काफी आरोप लगे हैं।

## प्रकाशस्रोत परमात्मा

परमात्मा या भगवान ही सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्रों जैसी प्रकाशमान वस्तुओं के प्रकाशस्रोत हैं। वैदिक साहित्य बताता है कि वैकुंठ राज्य में सूर्य या चन्द्रमा की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि वहां परमेश्वर का तेज विद्यमान है।भौतिक जगत में ब्रम्हज्योति या भगवान का आध्यात्मिक तेज भौतिक तत्वों से ढका रहता है। अत- हमें सूर्य, चन्द्र, बिजली आदि के प्रकाश की आवश्यकता पड़ती है। वैदिक साहित्य में स्पष्ट है कि भगवान आध्यात्मिक जगत (वैकुंठ लोक) में स्थित हैं।श्वेतातर उपनिषद में कहा गया है- आदित्यवर्ण तमस- परस्तात अर्थात वे सूर्य की भांति अत्यन्त तेजोमय हैं, लेकिन भौतिक जगत के अन्धकार से बहुत दूर हैं। उनका ज्ञान दिव्य है। वैदिक साहित्य पुष्टि करता है कि ब्रम्ह घनीभूत दिव्य ज्ञान है। जो वैकुंठ जाने का इच्छुक है, उसे परमेश्वर द्वारा ज्ञान प्रदान किया जाता है। एक वैदिक मंत्र है तं ह देवम आत्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुवै शरणामहं प्रपद्ये। अर्थात मुक्ति के इच्छुक मनुष्य को चाहिए कि वह भगवान की शरण में जाए। जहां तक चरम ज्ञान के लक्ष्य का सम्बन्ध है, वैदिक साहित्य से भी पुष्टि होती है-तमेव विदित्वाति मृत्युमेति यानी उन्हें जान लेने के बाद ही जन्म तथा मृत्यु की परिधि को लांघा जा सकता है। वे प्रत्येक हृदय में परम नियन्ता के रूप में स्थित हैं। परमेश्वर के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं लेकिन जीवात्मा के विषय में ऐसा नहीं कहा जा सकता। अत- मानना ही पड़ेगा कि कार्यक्षेत्र जानने वाले दो ज्ञाता हैं- एक जीवात्मा तथा दूसरा परमात्मा। पहले के हाथ-पैर किसी एक स्थान तक सीमित हैं जबकि कृष्ण के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं। इसकी पुष्टि श्वेतातर उपनिषद में इस प्रकार हुई है। सर्वस्थ प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत यानी वह परमेश्वर या परमात्मा समस्त जीवों का स्वामी या प्रभु है। वह उन सबका चरम आश्रय है।

## लोकतंत्र में खेला

राकेश कुमार वर्मा

उत्सव उमंग और उत्साह से परस्पर सराबोर होने का अवसर है। सर्वे भवन्तु सुखिन- से प्रेरित उत्सव को उपहारों, व्यंजनों और कलात्मक अभिव्यक्ति के रूप में साझा किया जाता है। सभी उत्सव मनाये जाते हैं जबकि अभया, विजया, त्रैलोक्यविजया( भाँग) व वारुणी, सुरा, मधु (मदिरा) जैसी समन्वित वृत्तियों के साथ ‘होली खेली जाती है। भाँग के पर्याय से स्थितप्रज्ञता का बोध होता है जबकि चरक संहिता अनुसार- ‘हृत्सु पीतासो युध्यन्ते दुर्भदासो न सुरायाम् अर्थात् मद्यपान से युद्ध या उत्पात् की प्रवृत्ति बढ़ती है जिसे प्रेरित ग्राम व वन संस्कृति के मिश्रित प्रतीक ‘नृसिंह’ हिरणाकश्यपरूपी कुप्रवृत्ति का संहार कर लोकतंत्ररूपी ‘प्रह्लाद’ को मुक्त करते हैं। इसका दूसरा दुस्खद पहलू यह है कि राजा दशरथ, भीष्म पितामह, गौतम ऋषि जैसे विज्ञ शिवत्व की कल्याणकारी स्थिति के बावजूद स्त्रीहट, चीरहरण व नचिकेता प्रयाण रोक पाने में असमर्थ रहे हैं इसलिए, कल्याणकारी मूल्य कूट प्रवाह के ‘खेला होबै’ की शिकार हो गई है। हमारे शास्त्र अनेक गूढ़ रहस्यों से परिपूर्ण है सवाल यह है कि हम उसकी सगुण धारा में भक्त को अंधा बना दें अथवा निर्गुणता के सृजनात्मक उत्थान से परिपूर्ण। ‘खेल’ शब्द उल्लास और सौष्ठव का प्रतीक है इसलिये इसमें जय-पराजय पर विचार किये बिना स्वीकार्यता बनती है। खेल में कभी कोई पराजित नहीं होता, वह या तो जीतता है अथवा सीखता है। मौजूदा राजनीति में नदारद होते बुनियादी मुद्दों के बिना चुनाव जीतना इसकी पुष्टि करता है जहां न तो जनता को अफसोस है और न ही मूल्यक्षरण पर राजनीतिज्ञों में अपराधबोध। दुस्खद है कि श्यामाप्रसाद, दीनदयाल, अटलबिहारी, कुशाभाऊ ठाकरे की हृदयांगम उदारवादी उन्मेष आज तत्ववादियों के प्रभाव से कट्टरवादी पतन के चरम पर है।



पंजाब में ‘आप’ व उत्तरप्रदेश के मुस्लिमबहुल क्षेत्रों में चुनावी सफलता में अल्पसंख्यक, अलगाववादियों व नाराज किसानों के विश्वास की स्वीकार्यता की बजाय ‘नया कश्मीर’ ‘खालिस्तानियों से खतरा’ जैसी उपमाओं से आप क्या लक्षित करना चाहते हैं ‘सुलगते कश्मीर’ के दर्द पर ऊधमपुर की जेल में विद्यार्थी परिषद के सामूहिक विलाप की वर्ष 1990 की स्मृतियां आज भी कचोटती हैं। मौजूदा परिप्रेक्ष्य में यह परिदृश्य राष्ट्रभक्ति की जगह वैमनस्यता को बढ़ा रहा है, ऐसी स्थिति में हम यूक्रेनवासियों की जिजीविषा से कैसे प्रेरित हो सकते हैं, जो इतनी बड़ी महाशक्ति के समक्ष हिमालय की तरह खड़ा है। अतएव उपयुक्त समय पर ही इसका प्रदर्शन उचित होगा। जिस अदृश्य बलिदानी जगमोहन को निशाना बनाया जा रहा है उनकी जीवंत क्रांति अलख को छद्म राजनीति के कलुषित विचारों से प्रशमित होते देख अपराधबोध होता है। ‘द कश्मीर फाइल’ के बाद चर्चित हो रहे ‘गुजरात दंगे’ क्या राष्ट्रीय तादात्म्यता के संवाहक होंगे यदि हॉं तो भागलपुर, मेरठ के मलियाना और हाशिमपुरा नरसंहार भी सिने-व्यक्त से अश्रुपात होना चाहिये। आंसू तो हाथरस की बेटी को इंसाफ़ नहीं मिलने, दिल्ली की गुड़िया और कठुआ की बच्ची के लिए भी निकलने चाहिये। साथ ही जलियावाला बाग हत्याकाण्ड के लिए भी अश्रुपात जरूरी है, ताकि ब्रिटेन की महारानी क्षमा मांगने के लिए बाध्य हों, लेकिन जनरल डायर के हुक्म पर हमारे सैनिक भाइयों की कर्तव्यनिष्ठा क्या देश में बिना वीजा महारानी के प्रवेश को अस्वीकार करने में सफल होगी स्मरण रहे कोई भी आक्रमणकारी एक निश्चित संख्या के साथ प्रतिद्वंदी सैनिको के बाद वहॉं की महिलाओं को बर्बरतापूर्वक निशाना बनाता हैं, इसलिए सरसंघचालक मोहन भागवत को कहना पड़ा - ‘पिछले 40 हजार साल पहले से भारत के सभी लोगों का डीएनए समान है।‘

ऋग्वेद में गायों की मुक्ति, वृत्र, नमुचि व सांभर जैसे शत्रुओं के संहार के कारण इन्द्र प्रमुख देवता माने गये हैं वहीं पुराणों में सोमरस, अप्सराओं और गंधर्वों की कलाओं का आनंद लेने वाले इन्द्र असुरक्षित देव में परिणत हो जाते हैं । जबकि लोक साहित्य में एक हजार यज्ञ करने वाला ऋषि या राजा इन्द्र का स्थान ले सकता है। अतएव पूवर्जों के बनाये गये प्रतिमानों को बनाये रखने के लिए वांछित आचरण करें जिससे इन्द्र की तरह असुरक्षित न हो पायें।

# चुनौति विहीन मोदी....!

### सूडोकु नवताल- 6021

✶✶✶✶✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6020 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**कॉंग्रेस के फिर एक बार टूट के आसार....?**

आज-कल टेलीविजन पर एक न्यूज चैनल अपना विज्ञापन दिखा रहा है, जिसमें बताया जा रहा है कि उससे मुकाबले के लिए दूर-दूर तक कोई नहीं है, ऐसा ही विज्ञापन यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मुस्कुराते चित्र के साथ भाजपा भी प्रसारित करे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा, क्योंकि देश का घोषित मुख्य प्रतिपक्षी दल कांग्रेस ‘‘अस्ताचल का सूरज’’ बन गया है और अब तक ‘‘टूट’’ का कीर्तिमान स्थापित करने वाली कांग्रेस कोई आश्चर्य नहीं कि एकबार फिर टूट जाए? वैसे भी वह अब मुख्य प्रतिपक्षी दल का दर्जा खोने की तैयारी में है और अपना वजूद खोती जा रही है, देश के सबसे पुराने इस राजनीतिक दल में अब मौजूदा पुराने लोग ही विद्रोह की मुद्रा में आ गए है।

कॉंग्रेस की बागडोर देश की आजादी के बाद से ही नेहरू-गांधी परिवार के हाथों में है, आजादी के पहले भी पं. मोतीलाल नेहरू ही इस पार्टी के प्रमुख नेता माने जाते रहे है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि सवा सौ सालों से अधिक उम्र की कांग्रेस पर एक सौ वर्षों से नेहरू खानदान का वर्चस्व रहा है तो कतई गलत नहीं होगा। मोतीलाल जी के बाद पं. जवाहरलाल नेहरू फिर उनकी बेटी इंदिरा जी, फिर इंदिरा के बेटे राजीव-संजय और उनके बाद राजीव जी की विदेशी पत्नी सोनिया जी व उनके बेटे राहुल गांधी पीढ़ी दर पीढ़ी इस पार्टी के सर्वेसर्वा रहे है और आज भी इन्ही के हाथों में पार्टी



की कमान है। कॉंग्रेस के जन्म का मुख्य उद्देश्य देश को अंग्रेजों के पंजो से मुक्त कराना रहा और इसीलिए स्वतंत्रता सैनानी मुख्य रूप से इसी पार्टी के अंग रहे, चाहे वे नेता जी सुभाष चंद्र बोस हो या फिर वल्लभ भाई पटेल। स्वयं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी इसी पार्टी के झण्डे के नीचे आजादी की अलख जगाई थी, जिसमें उन्हें सफलता मिली। आजादी मिलने और अंग्रेजों के शासन से मुक्ति के बाद महात्मा गांधी ने पं. जवाहरलाल नेहरू को परामर्श दिया था कि कांग्रेस का मुख्य मकसद आजादी था, जो पूरा हो चुका है इसलिए इस पार्टी को अब बंद कर देना चाहिये किंतु पं. नेहरू ने गांधी के परामर्श पर उस समय तो ध्यान नहीं दिया किंतु अब नेहरू जी के मौजूदा वारिस ही राष्ट्रपिता के परामर्श को साकार रूप देने का संकल्प ले चुके है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि सबसे पुराने राजनीतिक दल होने के साथ कांग्रेस के साथ सबसे अधिक बार टूटने का भी कीर्तिमान प्राप्त है और इंदिरा जी से लेकर निजलिंगप्पा, अर्जुन सिंह, माधवराव सिंधिया आदि ने कई बार इस पार्टी को तोड़ा और अपनी अपनी नई पार्टियां बनाई। अब वर्तमान में यह पार्टी सोनिया राजीव के हाथों में हे और इसके असंतुष्ट नेता पूरे भारत के बिखरे पड़े है, वैसे आमतौर पर बगावत के सूत्रधार नौजवान होते है, किंतु यहां उल्टा मामला है, चूंकि यह देश की सबसे पुरानी पार्टी है, इसलिए मौजूदा पुराने नेताओं ने ही बगावत का झण्डा बुलंद किया है, ऐसे करीब दो दर्जन नेता है, जिन्होंने ‘‘जी-23’’ ग्रुप बनाकर पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ाना शुरू किया है और पार्टी की भावी टूट के मूल में भी ये ही लोग है, जो गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले पार्टी में टूट के लिए प्रयासरत् है। इसलिए कांग्रेस पार्टी इन दिनों जहां अपने प्रमुख प्रतिद्वन्दी दल भाजपा तथा उसका नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जूझ रहे है, वहीं मोदी से भी बड़ी चुनौति इस पार्टी के अपने ही नेताओं ने नेतृत्व के सामने खड़ी कर दी है। क्योंकि हर नेता की यही सोच है कि जब तक पार्टी परिवारवाद से ऊपर नहीं उठेगी और नेहरू-गांधी परिवार से बाहर नहीं आएगी तब तक इसका उद्धार नहीं होने वाला।

अब कांग्रेस के सामने जहां अपनपी अंदरूनी राजनीति से निपटने की मुख्य चुनौती है वहीं दो साल बाद होने वाले लोकसभा चुनाव व उसके पूर्व होने वाले डेढ़ दर्जन राज्यों के विधानसभा चुनावों की चुनौती है, ऐसे में यदि इसके नेतृत्व ने सूझबूझ से सबको साथ लेकर चलने । प्रयास नहीं किया तो पार्टी का ‘‘राम नाम सत्य’’ सुनिश्चित है।

## भारत के लिए नई चुनौतियां

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत की विदेश नीति से सीधा संबंध रखनेवाली कई घटनाएं इधर एक साथ हो गई हैं और हो रही हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत पहुंच चुके हैं। संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए जो प्रस्ताव रखा है, उसका समर्थन सिर्फ चीन ने किया है। भारत उसमें भी तटस्थ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यूरोप पहुंच चुके हैं। यूरोपीय राष्ट्रों के नई दिल्ली स्थित राजदूतों ने रूस के विरोध में एक संयुक्त लेख छपवाया है। यह काम वे पहले ही इस्लामाबाद में भी कर चुके हैं। जी-7 देशों के समूह ने रूस पर कुछ नए प्रतिबंध थोप दिए हैं। हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने संसद में भारत की यूक्रेन-नीति की व्याख्या करते हुए कई तर्क पेश किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति झेलेंस्की ने नाटो की सदस्यता की बात तो छोड़ दी है लेकिन यूरोपीय संघ की सदस्यता की मांग जोरों से की है। एक माह-बीत गया लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यूक्रेनी लोग बड़ी बहादुरी से लड़ रहे हैं। यूक्रेन के कई शहर ध्वस्त हो गए हैं और लगभग 80 लाख लोग देश छोड़कर बाहर भाग गए हैं। उधर रूस के भी 15-20 हजार सैनिकों के मारे जाने और हवाई जहाजों के नष्ट होने की खबरें हैं। परमाणु-युद्ध की धमकियां भी यूरोप पर मंडरा रही हैं लेकिन झेलेंस्की के निवेदन के बावजूद व्लादिमीर पूतिन बात करने को तैयार नहीं हैं। इस समय यह समझना मुश्किल हो रहा है कि यह युद्ध कैसे खत्म होगा? यह भी थोड़ा आश्चर्यजनक है कि झेलेंस्की अभी तक सुरक्षित कैसे हैं? हो सकता है कि पूतिन उन्हें जिंदा ही पकड़ना चाहते हों। वरना, रूस के पास ऐसे फौजी शस्त्रास्त्र पर्याप्त मात्रा में है, जिनसे वे झेलेंस्की के ठिकाने पर हमला बोल सकें। रूस ने सुरक्षा परिषद में यूक्रेन को सहायता पहुंचाने का जो प्रस्ताव रखा है, उससे बड़ा क्रूर मजाक क्या हो सकता है? यदि रूस हमला नहीं करता या अब भी उसे बंद कर दे तो यह अपने आप में उसकी बड़ी कृपा होगी। रूस ने यूक्रेन को इतना गहरा धक्का पहुंचाया है, जितना उसे द्वितीय महायुद्ध में भी नहीं पहुंचा था। रूस ने सारी दुनिया में जबर्दस्त बदनामी मोल ले ली है। भारत को अब सोचना पड़ेगा कि वह रूस का समर्थन कब तक करता रहेगा? चीन ने रूसी मदद के ताजा प्रस्ताव का समर्थन करके रूस के इस्पाती मित्र और संरक्षक का दर्जा तो हासिल कर लिया है लेकिन यूक्रेन के सवाल पर उसने सिद्ध कर दिया है कि वह भारत की तरह तटस्थ और निष्पक्ष नहीं है। यूक्रेन के सवाल पर भारत और चीन के रवैयों में तो फर्क साफ़ दिखाई पड़ ही रहा है।

# आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क हुआ सीजर ऑपरेशन



मुरैना। आयुष्मान भारत निरामय कार्ड से 22 वर्षीय श्रीमती राधा का नि:शुल्क सीजर ऑपरेशन होने से राधा और उसके पति मनीष खुश है। मुरैना नगर निगम के दुर्गापुरी कॉलोनी में रहने वाली श्रीमती राधा ने बताया कि पहली डिलेवरी का समय आ चुका था, जब मुझे दर्द शुरू हुआ तो मैं जिला चिकित्सालय में भर्ती हो गई।

जब डॉक्टरों ने चेकअप किया तो पता चला कि नीचे का रास्ता सकरा है और बच्चा बड़ा है, उसका सिर भी बड़ा है। नॉर्मल डिलेवरी में कठिनाई है। इस पर डॉक्टरों ने राधा और उसके पति मनीष शर्मा को सीजर ऑपरेशन कराने की सलाह दी। चिकित्सक डॉ. स्वेता बांदिल ने श्रीमती राधा को बताया कि नॉर्मल डिलेवरी से माँ और बच्चे को खतरा हो सकता है। सीजर ऑपरेशन से माँ और बच्चे दोंनो सुरक्षित रहेंगे। डॉ. स्वेता बांदिल ने बताया कि आयुष्मान भारत निरामय कार्ड से खर्चा भी नहीं आयेगा। सभी उपचार कार्ड के आधार पर हो जायेगा। श्रीमती राधा सीजर ऑपरेशन कराने के लिये तैयार हो गई। डॉ. स्वेता बांदिल ने श्रीमती राधा का 11 मार्च को सफल सीजर ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा दोंनो ठीक है। अगर यही सीजर ऑपरेशन किसी प्रायवेट अस्पताल में होता तो लगभग 50 हजार रूपये खर्च होते। सरकारी अस्पताल में सीजर ऑपरेशन और दवाईयां उचित देखभाल सभी आयुष्मान भारत निरामय कार्ड से निःशुल्क हो गया। श्रीमती राधा के पति मनीष शर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत निरामय कार्ड के सहयोग से पत्नि श्रीमती राधा का उचित सीजर ऑपरेशन और उपचार निःशुल्क हो गया। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे कुछ पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ा। मैं गरीब परिवार से हूं। मैं प्रायवेट अस्पताल में ऑपरेशन कराने में असमर्थ था। भला हो केन्द्र और राज्य सरकार का जिन्होंने आयुष्मान भारत निरामय जैसी योजना बनाई।

## जेब खर्चे के लिये नि:शक्त पेंशन और चलने-फिरने के लिये मिला वैसाखी का सहारा

मुरैना। पोरसा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बुधारा निवासी दिव्यांग सुरेन्द्र सिंह पुत्र विक्रम सिंह अब किसी के मुहताज नहीं है। क्योंकि प्रदेश सरकार से जेब खर्च के लिये नि:शक्त पेंशन 600 रूपये और चलने-फिरने के लिये वैसाखी का सहारा मिल गया है। ग्राम पंचायत बुधारा के दिव्यांग सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि आधी उम्र के बाद मैं चलने-फिरने के लिये मुहताज हो गया था, परिवार में अत्याधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मेरे पास पूर्व में उपलब्ध वैसाखी थी, जिसकी सहायता से मैं चल-फिर सकता था, किन्तु वह भी खराब हो गई थी। मैंने जनपद कार्यालय पोरसा में नवीन वैसाखी के लिये आवेदन किया, जिस पर कार्यालय द्वारा जनपद सीईओ श्रीमती सुमनचक चौहान ने त्वरित कार्यवाही करते हुये मुझे नवीन वैसाखी उपलब्ध करायी। इसके अलावा नि:शक्त पेंशन योजना में मुझसे से आवेदन भरवाया गया, कुछ समय बाद मुझे 600 रूपये की पेंशन मिलना प्रारंभ हो गई। दिव्यांग सुरेन्द्र सिंह कहते है कि ईश्वर दिव्यांगता किसी को न दे, फिर भी जो लोग दिव्यांग है, उनके लिये प्रदेश सरकार नई-नई योजनायें चलाकर उन्हें संबल प्रदान कर रहीं है। दिव्यांग सुरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि मुझे दिव्यांग को बेसहारा को नवीन वैसाखी एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन देकर मेरे जीवन में एक नई रोशनी जागृत की है।



## पक्षियों के लिए दाना-पानी को लेकर हम सब फाउंडेशन ने किया कार्यक्रम

कैलारस। इस समय भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षी पानी एवं दाने के लिए मोहताज रहते हैं। इसी को देखते हुए हम सब फाउंडेशन द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए जीवन दायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सबलगढ़ एसडीएम एलके पांडेय के अलावा तहसीलदार कैलारस भरत कुमार, भाजपा मंडल कैलारस अध्यक्ष राजू गुप्ता, बीएमओ डॉ एस आर मिश्रा, बीआरसी डीएस सिकरवार, भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित हम सब फाउंडेशन के समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ रचना चौहान द्वारा किया गया।




## सिविल सर्जन ने विश्व क्षय दिवस पर जन-जागरूकता रैली और माइकिंग को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

मुरैना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा के निदेशन में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता रैली और माइकिंग को सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गो एम.एस. रोड़, स्टेशन, सदर बाजार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महामाया, जाहर सिंह रोड़, महावीर पुरा, गर्ल्स स्कूल से होते हुये रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर समाप्त हुई। रैली में ई-रिक्शा से भी माइकिंग की गई, जिसमें टी.बी. से बचाव एवं रोकथाम के लिये प्रचार-प्रसार किया गया। माइकिंग में टी.बी हारेगा व देश जीतेगा डॉट्स अपनाओं टी.बी भगाओ आदि के नारे लगाये गये। रैली के समापन अवसर पर टी.बी. के नोडल ऑफीसर डॉ. बीएल मौर्य, डीआईओ डॉ अजय गोयल, डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर, डीपीएम डॉ एसपी श्रीवास्तव द्वारा शपथ ग्रहण करायी और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। स्वयं सेवी संस्थायें एवं एनसीसी छात्र आदि सभी को प्रशंसा प्रमाणपत्र भी प्रदान किये गये। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर नगर पालिका निगम में टीबी जांच शिविर लगाया गया। शिविर में कर्मचारियों की जांच की गई।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब के 752 प्रकरण किए पंजीबद्ध, 16 वाहन जब्त

### सीमावर्ती राज्य राजस्थान, हरियाणा और उत्तरप्रदेश से लायी जा रही अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिये सतत प्रयास


मुरैना। सीमावर्ती राज्य राजस्थान, हरियाणा और उत्तरप्रदेश से लायी जा रही अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिये कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर में बढ़ते आपराधिक तत्व व तस्करों की धरपकड़ जारी है। जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण विनिर्माण विक्रय एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाही करते हुए आबकारी विभाग मुरैना के द्वारा 1 अप्रैल 2021 से 23 मार्च 2022 तक कुल 752 प्रकरण पंजीबद्ध किये। प्रकरणों में 129 आरोपियों को गिरतार किया जाकर 3 हजार 567 बल्क लीटर मदिरा एवं दो हजार 229 किलोग्राम लहान एवं 16 वाहनों को जब्त किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहनों की कुल अनुमानित कीमत 54 लाख 78 हजार 757 रूपये बताई गई है। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधि जैन ने बताया है कि शहर में राजस्थान, हरियाणा की शराब के बढ़ते कारोबार के विरूद्ध आबकारी विभाग के सूचना तंत्र की सटीक सूचना पर एक सप्ताह में रोड़ चैकिंग व तीन हाउस में राजस्थान, हरियाणा और उत्तरप्रदेश की शराब जब्ती की जाकर तीन 34(2) व 34(1) का मुकदमा दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग की उक्त कार्यवाही से अवैध मदिरा के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अवैध शराब के विरूद्ध आबकारी विभाग का अभियान निरंतर जारी है।



## शातिर साइकिल चोर पप्पन पुलिस हिरासत में, 17 आधुनिक साइकिल बरामद



मुरैना। शहर से पूर्व में चोरी हुई दर्जनों साइक्लो की पतारसी के लिए पुलिस द्वारा साइकिल चोर गिरोह पर शिकंजा कसा गया और शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने इस में सफलता प्राप्त करते हुए एक शातिर साइकिल चोर पप्पन को गिरफ्तार कर लिया एवं उसके कब्जे से डेढ़ दर्जन से अधिक कीमती साइकिलें बरामद की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइकिल चोर गिरोह को पकड़ने के लिए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह को निर्देशित किया गया था, जिस पर से उन्होंने अपने मुखबिर तंत्र को मजबूत किया। मुखबिर तंत्र ने इस गिरोह की पतारसी करते हुए शातिर चोर पप्पन का पता लगाया और उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से 17 आधुनिक साईकिल में बरामद की है, जिनकी कीमत लाखों में बताई गई है। उक्त आरोपी पर कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी के 4 अपराध दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आरोपी से अन्य चोरियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस कार्यवाही थाना प्रभारी के अलावा सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक मंगल सिंह, रघुवीर कटारे, रमेश चंद्र, अनिल दोहरे, सत्यवीर सिंह, सुनील यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## अवयस्क के साथ छेडखानी करने वाले को 03 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड



मुरैना। अवयस्क पीडिता के साथ छेडखानी करने के मामले में स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) मुरैना के न्यायालय ने आरोपी प्रेम जाटव पुत्र जगराम जाटव उम्र 22 वर्ष निवासी थाना सिविल लाईन मुरैना को पोक्सो एक्ट की धारा 7/8 में दोषी पाते हुये 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उक्त प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/अति0 जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा उमरैया ने की। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि पीडिता उम्र 16 वर्ष 22 दिसम्बर 2019 को शाम के समय लगभग 07:30 बजे अपने घर के सामने आग ताप रही थी, उसी समय वहां पर आरोपी प्रेम जाटव आया और उसने पीडिता से बोला कि ''आज तू बहुत अच्छी लग रही है, मेरे साथ चल''। उसके बाद आरोपी ने बुरी नीयत से पीडिता का हाथ पकडकर उसके साथ छेडखानी की। पीडिता के चिल्लाने पर उसका भाई मौके पर आ गया, जिसे देखकर आरोपी घटना स्थल से भाग गया। पीडिता ने थाना सिविल लाईन पर उपस्थित होकर उक्त घटना की रिपोर्ट की। पीडिता की उक्त रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण पॉक्सो का होकर गंभीर प्रकृति का था जिसमें अभियोजन के द्वारा क्रमबद्ध तरीके से साक्ष्य को पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दण्डित किया गया।

# सरकार की योजना का लाभ प्रत्येक जन को मिलेगा: रजौधा

### मुख्यमंत्री के विकास कार्यो को लेकर जोरा विधायक सूबेदार सिंह रजोधा ने की प्रेस वार्ता

कैलारस। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपलब्धियों को लेकर जौरा विधायक ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जो अच्छे कार्य किए और पिछली सरकार द्वारा जो पैसा जमा नहीं किया गया, उसको लेकर हमारी पार्टी चिंतित थी फिर भी प्रधानमंत्री द्वारा मुफ्त राशन वितरण किया गया। विधायक सूबेदार सिंह रजौधा ने कहा कि जब कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी पडी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरैना में ऑक्सीजन प्लांट का शुभारम्भ कराया। इसी तरह अनेकों योजना आमजन के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने एक झटके में योजना के माध्यम से जनता के बिजली बिल माफ किए और कहा कि जिन लोगों ने बिल नहीं भर पाए हैं वह समाधान योजना के चलते बिल माफ करायें। मुख्यमंत्री द्वारा गरीब जनता के लिए अनेकों योजनाएं सुचारू रूप से चलाई गई। श्री रजोधा ने कहा कि बीजेपी कार्यकाल में जो भी सरकार द्वारा कार्य हमें सोंपे गए वह समय सीमा पर पूर्ण कराए गए और आगे भी जो कार्य में दिए गए हैं उनको ही समय पर पूर्ण कराया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजौधा के अलावा भाजपा मंडल के अध्यक्ष राजू गुप्ता, महामंत्री महेश श्रीवास्तव, भाजपा के वरिष्ठ नेता सियाराम सिंह सिकरवार, वीरेंद्र बसेड़िया, अशोक राणावत, बृजेश बंसल, अकबर कुरेशी, जबर सिंह सिकरवार, लक्ष्मण सिंह सिकरवार, पवन सिकरवार आदि लोग मौजूद रहे।



# सौन चिरैया अभ्यारण क्षेत्र में आने बाले 32 गाँव को अभ्यारण संरक्षण क्षेत्र से मुक्त कराने के लिए किसानों ने दिया पूनः ज्ञापन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले के नरवर और करैरा तहसील में आने वाले सौन चिरैया अभ्यारण क्षेत्र में आने बाले समस्त 32 गाँव को अभ्यारण संरक्षण क्षेत्र से मुक्त किया जायें क्योकि न तो यहाँ पर कोई सौन चिरैया है और न ही ये भूमि वन विभाग की है यहाँ की सम्पूर्ण भूमि भू-स्वामित्व प्राप्त किसानों की है। लेकिन सौन चिरैया संरक्षित क्षेत्र होने की वजह ये किसानों की भूमि के क्रय विक्रय पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। जिसकी वजह से ये क्षेत्र के युवा और किसान बेरोजगारी की चपेट में आ गया है। किसानों को किसी तरह की कोई सुवधा उपलब्ध नही हो पाती है। किसान अपनी भूमि पर किसी प्रकार का कोई लोन आदि नही ले सकता उसे अपने खेत से मिट्टी तक उठाने की ईजाजत नहीं है। जबकि खनन माफियाओं के द्वारा रात दिन अभ्यारण क्षेत्र से खनन किया जा रहा है जिन पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है । इस संदर्भ में 28 फरवरी 2022 को समस्त 32 गाँव के किसानों ने मिलकर भारत सरकार के प्रधानमंत्री के नाम से एक ज्ञापन सौपा था। लेकिन शासन की कोई प्रतिक्रिया अभी तक किसानों के हक में नहीं आयी है।



हम 32 गाँव की समस्त पंचायतों के सरपंच आज भारतीय किसान यूनियन के सानिध्य में पूनः एक वार सरकार को आगाह करना चाहते है कि यदि जल्द ही हम किसानों की भूमि को अभ्यारण क्षेत्र एवं क्रय विक्रय प्रतिबंध से मुक्त नही किया गया तो सभी 32 गाँव के निवासीयों के साथ हम एक ऊग्र आंदोलन करेगें जिसमें चक्का जाम से लेकर के सी एम हाऊस तक का घेराव करेगें जिसका जिम्मेदार केन्द्र एवं राज्य सरकार होगी।



मीडिया को दी जानकारी मैं किसानों की अध्यक्षता कर रही कृष्णा रावत ने बताया कि जब भी किसान अपनी बात को बताने के लिए कलेक्टर साहब के पास आते हैं तो कलेक्टर साहब कहीं व्यस्त हो जाते हैं और व्यस्तता का बहाना बनाकर किसानों का ज्ञापन लेने नहीं आते और जब कोई खनन माफिया या अन्य कोई विधायक या नेता अपने छोटे-छोटे काम करवाने कलेक्टर साहब के पास आते हैं तो कलेक्टर साहब की सारी व्यस्तता दूर हो जाती है और कलेक्टर साहब तुरंत मौजूद हो जाते हैं हम कलेक्टर साहब से पूछना चाहते हैं की क्या वह अपनी सर्विस नेताओं के लिए विधायकों के लिए मंत्रियों के लिए करते हैं या जनता के लिए करते हैं जनता यहां पर लगातार धरने पर बैठी हुई है लेकिन कलेक्टर साहब के कानों में जूं तक नहीं हो रही है कलेक्टर साहब से कहना चाहते हैं कि आप कितने लोगों को गिरफ्तार करेंगे कितनों पर केस करेंगे हम गिरफ्तारी से डरने वाले नहीं हैं हम केस से भी डरने वाले नहीं हैं हमें अपना अधिकार चाहिए जिसके लिए हम कुछ भी करने के लिए तैयार हैं कलेक्टर साहब चाहते हैं कि हम उग्र आंदोलन करें तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए भी तैयार हैं अब किसान पीछे हटने वाला नहीं है अपने अधिकारों को लेकर रहेगा भारतीय किसान यूनियन प्रदेश प्रवक्ता -कृष्णा रावत

## साध्वी संयमरत्नाश्री का पारणा बिलावास ट्रस्ट में



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर** शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट बिलावास का एक प्रतिनिधि मंडल बेंगलुरु से रवाना होकर जयपुर स्थित मालपुरा तीर्थ पहुंचा द्य वहां पर पार्श्वनाथ प्रभु के व साध्वी कुसुम प्रभाश्री व संयम रत्नाश्री आदि ठाणा के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद लिया द्य बाद में प्रतिनिधि मंडल ने साध्वी वृंद से बिलावास में नूतन भवन के उदघाटन कार्यक्रम व धार्मिक अनुष्ठान में निश्रा प्रदान करने की विनती की गई द्य बिलावास ट्रस्टीयो ने शिष्या संयम रत्नाश्री का सशस्त्र पारणा बिलावास ट्रस्ट में करवाने की विनती की गई द्य साध्वी ने ट्रस्ट को स्वीकृति प्रदान की द्य बिलावास ट्रस्ट के मैसूरु जोन के चेयरमैन हंसराज पगारिया ने बताया की साध्वी वृंद तकरीबन 1 मई को बिलावास में प्रवेश कर पंचान्हिका महोत्सव तथा मंदिर शिखर पर 30 वां.ध्वजारोहण में निश्रा प्रदान करेगी द्य साध्वी वृंद को अक्षय तृतीया के अवसर पर ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य पारणा कराया जाएगा द्य इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष संघवि इंदरचंद बोहरा, उपाध्यक्ष मोहनलाल बोहरा, गौतमचंद संचेती,शांतिलाल गुलेचा, सचिव सी.ए.नरेन्द्र आछा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे द्य

## सांसद नेत्र शिविर में 155 मरीजों को जांच कर निशुल्क दवा वितरण की

**पोरसा** ,,,,,,सांसद नेत्र शिविर में शासकीय अस्पताल पोरसा में ऑपरेशन हुए मरीजों को कानपुर जयपुर से आए डॉक्टर एसके पांडे डॉ हरीश चौधरी डॉ दीपक सक्सेना डॉक्टर दानिश सिंह अखिलेश सिंह तोमर इफको आदि ने मरीजों को देखकर दबा एवं आईड्रॉप्स निशुल्क बाटे गए पोरसा निशुल्क सांसद नेत्र शिविर 8 मार्च को भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के विशेष सहयोग से पोरसा शासकीय अस्पताल में लगाया गया था जिसमें 1560 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा 155 मरीजों की जांच के बाद मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मुरैना ऑपरेशन किया गया ऑपरेशन हुए नेत्र मरीजों का आज शुक्रवार को जयपुर के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा शासकीय अस्पताल पोरसा में नेत्र परीक्षण किया गया नेत्र परीक्षण के बाद सभी को निशुल्क दवा वितरण की गई।

## जिगना थाना पुलिस ने कुख्यात 5 हजार का इनामी बदमाश मदन मिश्रा को किया गिरफ्तार, जिगना थाना पुलिस की लगातार कार्यवाही से बदमाशों में मचा हड़कंप

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** सफलता,जिगना थाना पुलिस ने कुख्यात 5 हजार का इनामी बदमाश मदन मिश्रा को किया गिरफ्तार, जिगना थाना पुलिस की लगातार कार्यवाही से बदमाशों में मचा हड़कंप, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य व एसडीओपी दीपक नायक मागदर्शन में जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने पुलिस टीम की मदद से कुख्यात पांच हजार के ईनामी बदमाश को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जिले के मोस्ट वांटेड अपराधियों में शामिल हैं। मूखबिर की सूचना पर बदमाश मदन मिश्रा पुत्र लल्लू राम उम्र 25 निवासी उदगुवा को मुरैना से गिरफ्तार किया। जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि कुख्यात बदमाश मदन



मिश्रा हत्या, लूट, मारपीट जिसे कई संगीन मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। सिविल थाना,दुरसडा थाना, जिगना थाना में स्थाई वारंटी में नाम शामिल है। जिगना थाना पुलिस ने के कुख्यात बदमाश मदन मिश्रा को दबोचने के लिए जिगना थाना पुलिस ने खास सतर्कता बरती। जिगना थाना प्रभारी द्वारा टीम का गठन किया और कुख्यात बदमाश को धर दबोचा, आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। उक्त कार्रवाई में जिगना थाना प्रभारी जिगना भास्कर शर्मा, प्र.आर. नरेश छावई, आर.राजीव दुबे, आर.शोभाराम धाकड़,आर.दीपेश की अहम भूमिका रही

## ट्रक की टक्कर से पिता की मौत पुत्र गंभीर घायल

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

**दिगौड़ा।** शुक्रवार को दिगौड़ा स्थिर ग्राम बरमामाझ से टीकमगढ़ आ रहे मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र को ट्रक ने मारी टक्कर दुर्घटना में 50 वर्षीय पिता शंकर नामदेव की मौत हो गई। वही जानकारी के



अनुसार सुबह 7.30 बजे बरमामाझ गांव निवासी शंकर नामदेव अपने लड़के के साथ अपनी लड़की के लिये घर देखने के लिए टीकमगढ़ के अनंतपुरा आए हुए थे जहां तेज रफ्तार से ट्रक mp15 h,a, 0786 ने मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। घटना में पिता शंकर नामदेव की मौत हो गई, वही घटना में गंभीर रूप से घायल पुत्र की सूचना जैसे ही देहात थाने को लगी तो देहात थाना प्रभारी नासिर फारूकी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने घटनास्थल से पिता पुत्र को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिसके बाद ट्रक को देहात थाना पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर मृतक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पुलिस अस्पताल चौकी में पंचनामा बना कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सम्भागीय और जिला कार्यकारिणी का गठन, प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने जारी किए आदेश


**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर,** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की ग्वालियर सम्भाग की 2022-23 की नवीन कार्यकारिणी का गठन प्रांताध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया द्वारा कर दिया गया है। प्रदेश महासचिव सुनील कुमार त्रिपाठी ने इस हेतु पत्र जारी कर समस्त पदाधिकारियों को पत्रकारों के हित में कार्य करने हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

ग्वालियर सम्भाग का अध्यक्ष श्री सर्वेश पुरोहित को बनाया गया है वहीं ग्वालियर जिले की कमान श्री संजय शर्मा को सौंपी



है, इसके अलावा जिले में महासचिव के पद पर श्री विनोद मिश्रा को मनोनीत किया है। सम्भागीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर श्री जगदीश हरदैनिया एवं श्री शशिभूषण पांडेय को नियुक्त किया है, सम्भाग कार्यकारिणी में जगदीश प्रसाद नीखरा और अनिल शर्मा समेत आठ उपाध्यक्षों को स्थान दिया गया है वहीं श्री सुशील कौशिक को महासचिव बनाया गया है। श्री प्रह्लाद सेन श्री भरत शर्मा श्री इंसाफ कुरैशी समेत नौ साथियों को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। श्री गजेंद्र इंगले सुनील शर्मा और संजय तिवारी समेत नौ साथियों को श्रमजीवी



पत्रकार संघ का सम्भागीय संयुक्त सचिव पद दिया गया है। सम्भागीय कोषाध्यक्ष के लिए श्री राकेश झा को मनोनीत किया गया है। 41 साथियों की कार्यकारिणी में दस कार्यकरिणी सदस्यों को भी स्थान दिया गया है। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला और संभाग स्तर पर नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों ने प्रांताध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया समेत वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया है वहीं प्रांताध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया कार्यकारी अध्यक्ष श्री उपेंद्र गौतम एवं श्री सुनील कुमार त्रिपाठी ने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पर बधाइयाँ दी हैं।

# बिधुत विभाग अधिकारी ने बकायादार बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

### बकायेदारों पर बिजली विभाग सख्त,काटे जा रहे कनेक्शन

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** मार्च महीने के चलते इन दिनों बिजली कंपनी द्वारा दबोह क्षेत्र भर में बिजली के बिल बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।शुक्रवार को दबोह नगर में चलाए गए अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 13 में जूनियर इंजीनियर अशोक डाबर ने विधुत विभाग कर्मचारियों के साथ बकायादारों के बिजली कनेक्शनो को दिया।यहां बता दे कि बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के घरों की बिजली गुल होने वाली है दबोह में बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करने के लिए कमर कस ली है इससे पहले विभाग ने इन उपभोक्ताओं की लिस्ट भी तैयार कर ली है लिस्ट के हिसाब से टीम बकाएदारों के घर-घर जाकर बिजली बिल भुगतान करने के लिया बोला जा रहा



इसके बावजूद अगर लोगों ने बिल जमा नहीं करता है तो कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा रही है।खास बात है कि एक बार कनेक्शन काटने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने के बाद ही दोबारा कनेक्शन दिया जाएगा बिजली कनेक्शन काटने के बाद भी अगर उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया तो बिजली कंपनी उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी करेगी।बीते रोज दो उपभोक्ताओं के खिलाफ दबोह थाने में भी जूनियर इंजीनियर अशोक डावर ने एफ.आई.आर कायम करने के लिए पत्र लिख चुके है।इस दौरान जूनियर इंजीनियर अशोक डावर,प्रेम सिंह,उमेश कुमार,वीरेंद्र शर्मा,अवधेश गौर,धर्मेंद्र कुमार,संजीव उदेनिया,यूनिस खान सुरेश सिकरवार भूपेंद्र कुमार,रामबीर पाल,हसीन खान आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

#### इनका कहना

बिजली उपभोक्ताओं से बकाया वसूली का अभियान चलाया जा रहा है।उसके तहत ही कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई की जा रही है यह कार्रवाई जारी रहेगी बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ भी थाने में मामला दर्ज कराया जाएगा उपभोक्ताओं से अपील है बिजली समय पर जमा करे।

**अशोक डाबर**
**जूनियर इंजीनियर दबोह**

## शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर बोई थी फसल,प्रशासन ने की कार्यवाही

### तहसीलदार ने गोचर की 175 बीघा जमीन पर खड़ी सरसों की फसल को किया जप्त

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** दबोह मौजा के सर्वे नम्बर 606 शासकीय गौचर भूमि जिसका क्षेत्रफल लगभग 175 बीघा पर भू माफियाओ ने कब्जा कर रखा था ।जिसपर शुक्रवार को मौके पर पहुँचे प्रशासनिक अमले ने कार्यवाही की ।यहां बता दें कि मौजा नम्बर



606 शासकीय भूमि में 175 बीघा की जमीन थी जिसपर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा कर फसल बोई गई थी ।जिस पर पूर्व में भी प्रशासन ने कार्यवाही कर चरनोई जमीन को मुक्त करवा कर अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगाया गया था लेकिन अतिक्रमणकारियों ने एक बार फिर से सरसों की फसल लगा अतिक्रमण कर लिया था ।जिसके बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान मय दल बल के मौके पर पहुंचे और उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया ।इस दौरान तहसीलदार ने शासकीय गोचर भूमि पर पहुंच कर फसल काटते हुए अतिक्रमणकारियों को दबोचा ।तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अगर अतिक्रमणकारियों ने फसल काटने की कोशिश की तो चोरी का मुकदमा दर्ज किया जाएगा ।साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त भूमाफियाओ को अब जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है ।इस दौरान तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान,आर.आई.रामप्रकाश शर्मा,पटवारी राकेश नागर,अरविंद कौरब,रमाशंकर राठौर,नरेंद्र राजावत,थाना दबोह से एएसआई बलबीर सिंह व अन्य पुलिस दल के साथ कार्यवाही कार्यवाही की गई।

**इनका कहना :** मौजा नम्बर 606 पर पूर्व में भी कार्यवाही की गई थी और चेतावनी भी दी गई थी परन्तु भूमाफिया नही माने ।आज भी मौके पर भूमाफियो द्वारा कब्जा पाया गया भूमाफियो को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

**धर्मेंद्र चौहान,** तहसीलदार

## उ. प्र. सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं केशव प्रसाद मौर्य को पुन: उप मुख्यमंत्री बनने पर खुशियां मनाते मौं मंडल के कार्यकर्ता



**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मौ।** उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एबं केशव प्रसाद मौर्य को पुनः उप मुख्यमंत्री बनने पर खुसिंया मनाते मौं मंण्डल के कार्यकर्ता। केशव प्रसाद मौर्य को उत्तर प्रदेश का उप मुख्यमंत्री बनने पर मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिह कुशबाह ने अपनी टीम के साथ गोल्मबर पर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुसी जाहिर की एंव बरिष्ट नेतुत्य का आभार भी जताया इस अबसर पर फरेन्द सिंह सिकरबार रघुबीर सिंह पवेया पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मर्जाद सि़ह यादव सज्जन सिंह यादव सुल्तान मोर्य राजू मिश्रा सोमबीर सिबहरे रामू कुशबाह बीरेन्द यादव फोजी रामख्तयार गुर्जर बकील यादव अजय झां पंचम जाटव बलबीर गोयल पूरन गोयल डां बेताल गोड सोनू खां रामनरेश कुशबाह गुप्ता जाटव रामकेश गुर्जर रघुराज गुर्जर जितरबई बबली यादव रतवा रामकुमार जादोन पर्वत जादोन अबदेश श्रीबास चतुर सिंह कुशबाह अमित गुर्जर धर्मेन्द राणा सैनू शर्मा राजेश कुशबाह नरेन्द तोमर राजीवजैन आदि।

## शिवपुरी में निकाली स्वर्णकार समाज कल्याण विकास यात्रा

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति द्वारा रथयात्रा समाज में जागृति लाने एवं राज्य सरकार से अपने हक की जायज मांगों को लेकर विगत 5 दिसंबर को मैहर की पावन भूमि से यह यात्रा शुरू की गई शिवपुरी मैं 6 जनवरी 2022 को कोरोना गाइडलाइन के तहत स्थगित की गई कोरोना खत्म होने पर इस यात्रा को पुनः 21 मार्च 2022 सोमवार को बंदना माहौर जी के कुशल नेतृत्व में यह यात्रा शिवपुरी से गाजे बाजे के साथ पुन्हा प्रारंभ की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा जीने की जिसमें मुख्य अतिथि पहलाद भारती जी (राज्यमंत्री )वीरेंद्र रघुवंशी जी (विधायक कोलारस) आदि उपस्थित थे कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से मुख्य संयोजक देवदत्त सोनी योगेश सोनी मुकेश सोनी शिवपुरी जिला अध्यक्ष डॉक्टर अनिल सोनी जिला युवा अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनी जिला संयोजक मनीष सोनी जिला महामंत्री नारायण सोनी आदि उपस्थित रहे स्वर्णकार समाज के प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं ओजस्वी भासनो द्वारा स्वर्णकार समाज को प्रोत्साहित किया कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण वृंदावन सोनी ग्वालियर संभाग रथ यात्रा प्रभारी ने दिया तत्पश्चात रथ यात्रा को शिवपुरी के सर्राफा बाजार होते हुए श्रीमान कलेक्टर साहब को हमारी 8 मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा रथ यात्रा में भारी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थि रहे रथ यात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए 28 मार्च को भोपाल पहुंचेगी तथा 29 मार्च 2022 को हिंदी भवन मैं स्वर्णकार समाज के बंधुओं द्वारा विशाल प्रदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री जी को हमारी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा

# नगर में फैली समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना देकर विधायक ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** -नगर में फैली समस्याओं को लेकर विधायक मेवाराम जाटव ने नगरपालिका मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन सौंपा इससे पहले दिनांक 11.03.2022 को दिये गये ज्ञापन में मांगो का निराकरण नगर पालिका प्रशासन द्वारा नहीं किया गया जिसको लेकर धरना प्रदर्शन कर मांगों को पुनः संज्ञान में लाया गया जिसमें गोहद नगर पालिका द्वारा पुनः हाट वसूली एवं अस्थाई दखल वसूली के ठेका की टेन्डर प्रक्रिया आमंत्रित की है। पूरे जिले में केवल गोहद नगरीय क्षेत्र में ठेका प्रथा क्यो चालू की गई जबकि प्रशासन को भी विदित है कि वर्तमान ठेकेदारो द्वारा जवरन वसूली आये दिन गोहद नगरीय क्षेत्र के लोगों से की जाती है जनहित को देखते हुये इस टेन्डर प्रक्रिया को तत्काल बंद किया जाये, नगर पालिका अधिकारी गोहद द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को ऑफ लाईन काम दिया जा रहा है जबकि ठेकेदार द्वारा थोडाबहुत काम कर भुगतान करा लिया जाता है। उसकी समस्त ऑफ लाईन की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये,गोहद नगर में



आम कब्रिस्तान खफरिया मस्जिद, वक्फ बोर्ड कब्रिस्थान एवं गोहद चौराहा कब्रिस्थान, हरगोविंदपुरा वाली मेन हाईवे से गुरुद्वारे तक रोड एव सामुदायिक भवन तथा माता के पुरा का मरघट व सी. सी. रोड का काम जल्दी शुरू किया जाये सरदार वल्लभ भाई पटेल का गेट के काफी दिनों से बंद पड़े कामों को तुरन्त चालू किया जावे।

हो सके है जैसे कि लक्ष्मण तलैया, केशव पार्क, बैशली डेम और भी कई ऐसे कार्य अपूरे पडे हुये है। पुनः कार्य कराये जाये। वार्ड क्रमांक 16,17 एवं 18 में पानी की कोई टंकी नहीं है और न ही कोई नल जल योजना है। लोगों को पानी के लिये भटकना पड़ता है। नगर पालिका द्वारा पानी के टेंकर भी गोहद चौराहा पर नहीं पहुंचाये जाते है।गोहद चौराहा मेन बाजार में कोई सुलभ काम्प्लेक्स नहीं है जिसको लेकर व्यापारियों

द्वारा कई बार नगर पालिका को आवेदन दिये गये मगर नगर पालिका द्वारा आज दिनांक तक सुलभ कॉम्प्लेक्स नहीं बनवाया गया। अटल तिराहा से शासकीय अस्पताल तक रोड पर कई जगह गड्ढे होने से रोड जर्जर हो चुकी है। जिसकी मरम्मत कराई जाये। अटल चौक से बालक हा.सै. स्कूल तक हाई मास्क लाईट डिवाइडर पर लगाई जायें। वी.पी.एल. एवं ए.पी.एल. कर्मकार मंडल, धारियों को खाद्यान पर्ची नहीं दी जा रही है। वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन के लिये नागरिकों को काफी परेशान किया जा रहा है नगर पालिका द्वारा हटाये गये दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो एवं सफाई कर्मचारियों को पुनः बहाल किया जाये क्यों कि हटाये गये कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी का संकट व्याप्त है इन सभी मांगों का उचित एवं स्थाई निराकरण जल्द से जल्द किया जाये अन्यथा बाजार बंद कराकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवपुरी में जिला स्तरीय टी.एल.एम. मेला हुआ आयोजित।

**मोनू नामदेव शिवपुरी**
**9993931230**

**शिवपुरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवपुरी में जिला स्तरीय टी.एल.एम मेला हुआ आयोजित। जिला स्तरीय ञ्.रुरू मेला डाइट परिसर में आयोजित किया गया। इस मेले में मुख्य अतिथि जिले के कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह रहे। जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला स्तर पर चयनित 10 शिक्षक / शिक्षिकाओं को 2000/- प्रति शिक्षक के मान से प्रोत्साहान् राशि संबधित के खातों में जमा कराई जा चुकी है। इस मेले का आयोजन डी पी सी एवं डाइट शिवपुरी द्वारा किया गया। डाइट प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस प्रोग्राम को सफल बनाया गया।

# यातायात पुलिस ने की भारी वाहनों पर चलानी कार्रवाई

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले के यातायात थाना से है जहां आज यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव द्वारा नो एंट्री में आ रहे भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई है जब से कलेक्टर द्वारा भारी वाहनों कि शहर में नो एंट्री की गई है तब से शहर में हो रही दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग गया है इससे शहर के नागरिकों को भी ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना



पड़ रहा है और ना ही ट्राफिक जाम जैसी स्थिति पैदा हो रही है लेकिन कुछ लोग अपने भारी वाहन को नो एंट्री होने के बावजूद भी शहर में एंटर कर लेते हैं जिन पर आज लगाम लगाते हुए एक बार फिर यातायात थाना प्रभारी रणवीर यादव द्वारा चालानी कार्यवाही की गई है और इस बार उनको लास्ट वार्निंग दी गई है कि यदि आज के बाद वह अपना भारी वाहन नो एंट्री में शहर के अंदर लेकर आए तो उनको न्यायालय द्वारा अपने वाहन की जमानत करवानी पड़ेगी और जो की भारी जुर्माने के साथ छोड़ा जाएगा इससे भारी वाहन मालिकों मैं भी डर पैदा होगा और वह अपना वाहन नो एंट्री के समय शहर में लेकर नहीं आएंगे हवाई पट्टी पर भी रेत माफियाओं और सीटों के ट्रक वालों के द्वारा हवाई पट्टी के पास कब्जा करके अपना ट्रक पाक करते थे जिस पर भी यातायात थाना प्रभारी रणवीर यादव ने चालानी कार्यवाही कर ट्रकों को वहां से हटा दिया गया है और उनको बताया गया है कि वह अपना ट्रक रेत मंडी में ले जाकर ही रेत बेचे अगर इसके अलावा रेत मंडी वाले ट्रक शहर में देखे जाएंगे तो उन पर भी चलानी कार्यवाही की जाएगी।

## शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट की आम सभा का आयोजित

**बेंगलुरु** - कंटोलमेंट ओपीएच मार्ग स्थित मुनि सुव्रत स्वामी जैन मंदिर में शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट बिलावास की आम सभा रखी गई द्य जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष संघवि इंदरचंद बोहरा व सचिव सी.ए.नरेन्द्र आछा ने आये हुए सदस्यों का स्वागत अभिनंदन करते हुए आगामी मई माह में बिलावास गांव में होने वाले पंचान्हिका महोत्सव में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान साध्वी का पारणा,मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण,पूजा,अभिषेक,नव निर्मित भवन का उदघाटन, वरघोड़ा,शांतिनाथ दादा व संभवनाथ दादा का ध्वजा कार्यक्रम सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी साझा की गई द्य बिलावास ट्रस्ट के मैसूरु जोन के चेयरमैन हंसराज पगारिया ने संघ के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का निवेदन किया द्य इस अवसर पर शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट बिलावास के अध्यक्ष संघवि इंदरचंद बोहरा,उपाध्यक्ष मोहनलाल बोहरा,गौतमचंद संचेती,सचिव सी.ए.नरेन्द्र आछा,सहसचिव शान्तिलाल गुलेचा,सलाहकार पारसमल लुणिया,राजमल गुलेचा, गौतमचंद गुलेचा,रमेशचंद बोहरा,कोषाध्यक्ष हस्तीमल देसरला,सदस्य मनोहरलाल गुलेचा,कुशल गुलेचा,रमेश गुलेचा,मैसूरु जोन के चेयरमैन हंसराज पगारिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समाहरोह हुआ सम्पन्न

**संतोष भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी के निर्देश पर सालासर गेस्ट हाऊस,ग्वालियर जिले में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंह भदौरिया जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री शोबरन सिंह तोमर जी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री योगेंद्र सिंह कुशवाहा जी, ग्वालियर ष्टस्क्ल श्री रवी भदौरिया जी,श्री श्यामु ठाकुर दतिया,श्री शैलेश सिंह राजावत जी,श्री नरेश सिंह भदौरिया, श्री विकास सिंह कुशवाह, श्री पप्पू सिंह परिहार जी,श्री विजय सिंह सिकरवार जी,श्री वेदप्रकाश सिंह राजावत




जी,श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार जी, श्री अरविन्द सिंह परमार जी मुरैना,श्री गुलशन सिंह भदोरिया जी, श्री दिग्विजय सिंह भदोरिया जी,श्री दिलीप सिंह राजावत जी,श्री योगेश सिंह सेंगर जी,श्री शोभित सिंह चौहान जी,श्री परसुराम सिंह जादौन जी, डॉ आर आर सिंह चौहान जी,श्री विवेक सिंह राजावत जी, श्रीमती पूजा सिंह राजावत जी,श्री उपेन्द्र सिंह चौहान जी,जिला अध्यक्ष श्री मती पुष्पा सिंह राजावत जी, श्रीमती मिथलेश सिंह तोमर जी, श्रीमती नीलम सिंह चौहान जी, श्री नरपत सिंह तोमर जी,श्री सर्वेंद्र सिंह राजावत जी,श्री कमल देव सिंह राजावत जी, श्री शैलेश सिंह राजावत जी,श्री मंजीत सिंह शिकरवार जी सहित संगठन की अन्य महिला एवं पुरुष पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच से क्षत्रिय परिवारों के बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करने की बात कही गई।

सभी ने हर्ष उल्लास के साथ होली पर्व को मनाया और विचार संगोष्ठी की सभी ने एक दूसरे को रंग लगा कर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए एक दूसरे के सुख दुःख में हमेशा साथ देने की प्रेरणा देते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया।

## कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, पलेरा में 7 दिवस के अंदर अंबेडकर जी की प्रतिमा स्तगपित नही की गई तो होगा आंदोलन

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंलि टुडे**


**पलेरा।** शुक्रवार को कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने की मांग की है पत्र में बताया है कि जिला टीकमगढ़ विधानसभा खरगापुर के नगर पलेरा में तहसील तिराहा पर प्रतिमा लगाने की अनुमति विगत वर्ष 2018 से लबिंत थी। अनुमति हेतु शासकीय विभाग लोक निर्माण, पुलिस प्रशासन, विद्युत मण्डल एवं नगर परिषद पलेरा द्वारा अनापत्ती दी जा चुकी थी। शीघ्र ही अनुमति जारी होने की संभावना थी। अंबेडकर जी के अनुयायी द्वारा मूर्ति भी अस्ष्ट रुप स्थापित कर दी गई थी। टीकमगढ़ जिले के नगर परिषद पलेरा में 18 19 मार्च 2022 के दरमियन स्थानीय प्रशासन द्वारा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को हटाकर प्रतिमा स्थल को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। इस घटना से पूरे टीकमगढ़ जिले एवं बुंदेलखंड में तनाव एवं आक्रोश व्याप्त हैं। आंदोलन कर रहें जनप्रतिनिधियों के द्वारा कलेक्टर टीकमगढ़ को दिनांक 22 मार्च 2022 को अवगत कराया गया कि पुनः प्रतिमा स्थापित की जाये। कलेक्टर टीकमगढ़ एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उसी स्थान पर मौखिक रूप से 10 दिवस के अंदर प्रतिमा स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था, किरण अहिरवार ने कहा है कि यदि 7 दिवस के अंदर बाबा साहेब की प्रतिमा पुनः स्थापित नही की जाती हैं तो वह कांग्रेस पार्टी के साथ अनशन पर बैठने के लिए विवश होंगी एवं संविधान के निर्माता के अनुयाइयों के संग खड़ी रहेगी। किरण अहिरवार ने मुख्यमंत्री से मांग हैं कि उक्त संबंध में संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर 4 दिवस के अंदर प्रतिमा स्थापित करने के लिए निर्देश एवं प्रतिमा हटाने वाले दोषियों पर कार्यवाही करने का भी निर्देश करने मांग की हैं।

# मध्य प्रदेश के 6 हजार विद्युत संविदा कर्मचारियों को म.प्र.सरकार एवं प्रबंधन ने मंहगाई भत्ते से किया बंचित

## म.प्र.सरकार मूक दर्शक बनी है प्रबंधन कर रहा है विद्युत संविदा कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

म.प्र.विद्युत संविदा ठेका कर्मचारी संघ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्री एल.के.दुबे जी ने जारी प्रेसनोट में बताया कि माननीय ऊर्जा मंत्री जी के हस्ताक्षेप के बाद पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी ने नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले 11 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का आदेश कर दिया है जिसको लेकर सर्वप्रथम माननीय ऊर्जा मंत्री म.प्र.शासन का संगठन आभार व्यक्त करते हुए संगठन विनम्र अनुरोध करता है की पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी ने आदेश क्रमांक 1574 दिनांक 24-03-2022 को मंहगाई भत्ता प्रदान करने हेतु आदेश किया है 7 यह आदेश नियमित कर्मचारियों केलिए है 7 बढ़े हुए 11 प्रतिशत मंहगाई भत्ते से संविदा कर्मचारियों को बंचित कर दिया है जबकि म.प्र.विद्युत कम्पनियों में कार्यरत 6 हजार संविदा कर्मचारियों को भी मिलना चाहिए क्यों कि यह आदेश राज्य शासन द्वारा


सत्यमेव जयते
पंजीयन क्र. 7013/2021
म.प्र. संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्म संघ (इण्टक) ग्वालियर
एल. के. दुबे
प्रदेश अध्यक्ष
निवास: "एकाक्ष"
05 – सत्यदेव नगर
गांधी रोड ग्वालियर
प्रधान कार्यालय
मोबा. 9826440138
दिनांक 22-03-22
माननीय ऊर्जा मंत्री महोदय
म.प्र.शासन - भोपाल
विषय :- म.प्र.शासन के अनुसार म.प्र.राज्य विद्युत मंडल की समस्त कंपनियों में मार्च - 22 से 11 % महंगाई भत्ता प्रदान करने बाबत।
सन्दर्भ :- वित्त मंत्रालय म.प्र.शासन का आदेश क्र. F -4 -1 /2021 /नियम /चार भोपाल दिनांक 21 -03 -2022।
महोदय,
वित्त विभाग, म.प्र.शासन द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से राज्य शासन के कर्मचारियों को माह मार्च 21 के वेतन के साथ 11 प्रतिशत डी.ए. वृद्धि सहित कुल 31 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाने हेतु आदेशित किया गया है किन्तु म.प्र.राज्य विद्युत मंडल की समस्त कंपनियों के उक्त महंगाई भत्ता दिये जाने के आदेश जारी नहीं किये गए है।
अतः माननीय से विनम्र निवेदन है कि राज्य शासन की भांति ही म.प्र.राज्य की समस्त विद्युत कंपनियों के नियमित / संविदा कर्मचारियों को उक्त 11 % महंगाई भत्ता वृद्धि के आदेश जारी करने हेतु कंपनी प्रबंधन को निर्देश देकर अनुग्रहित करें।
सादर।
एल.के.दुबे

जनवरी 2022 के स्थान पर मार्च 2022 में निकाला है7 जिससे विद्युत संविदा कर्मचारी अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है एवं संविदा कर्मचारियों में रोष व्याप्त है 7 वहीं संविदा कर्मचारी मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान है जिससे कार्यदक्षता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है 7

अतः माननीय मुख्यमंत्री म.प्र. शासन एवं माननीय ऊर्जा मंत्री म.प्र.शासन से संगठन पुनः मांग करता है की नियमित कर्मचारियों की भॉति संविदा कर्मचारियों को भी बढ़े हुए 11 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का आदेश विद्युत कम्पनियों से अविलंब करवाने का कष्ट करें 7



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नियमितीकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन।

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद। ए**कीकृत महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नाम एसडीओ गोहद को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुखता से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को स्थाई किया जावे एवं शिक्षक उनके बराबर वेतनमान दिया जावे, विगत दिनों से पर्यवेक्षक एवं सहायक प्रवीण अधिकारियों की चल रही हड़ताल का समर्थन भी किया तथा आगामी रूपरेखा में दिनांक 28 मार्च को कलेक्ट्रेट पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एवं सत्याग्रह किया जावेगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से नीलम श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, उमा श्रीवास्तव, नीलम गुप्ता, उमा शर्मा, विमलेश पाराशर, नीलू यादव, मीरा गुप्ता, सीमा दुबे, हेमलता कांकर, रश्मि माहौर, सीमा जाटव, मुमताज बेगम, मनोज सक्सेना, विनीता श्रीवास्तव, मधु गुप्ता, उमा मुदगल, उषा सविता, कल्पना तोमर, मिथिलेश शर्मा, रेखा पटेल, कमलेश वर्मा, संगीता शर्मा, मधु लता गुप्ता, शकुंतला शर्मा, शिवकुमारी तोमर, पुष्पा माहौर, शकुंतला सोनी, लक्ष्मी कुशवाह, अनुव्रता, रोमा, सायरा बानो, शारदा पाराशर, सरोज वर्मा, कमला कुशवाह, कमला बघेल, रेखा सिकरवार आदि आदि कार्यकर्ता एवं सहायिका ने ज्ञापन सौंपा गया।

# आंखों पर पट्टी और मुंह में कपड़ा ठूंसकर रेप: ग्वालियर में मोमोस लेने जा रही 11 साल की बच्ची को चॉकलेट का दिया लालच

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 11 साल की मासूम को उसके ही पड़ोसी ने अपनी हवस का शिकार बनाया। चॉकलेट का लालच देकर वह बच्ची को अपने साथ ले गया। फिर एक गोदाम में ले जाकर उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ रेप किया। बच्ची मां से रुपए लेकर मोमोस खरीदने जा रही थी। मामला माधौगंज इलाके का है। पीड़ित बच्ची 6वीं की छात्रा है। गुरुवार रात वह मां से 20 रुपए लेकर मोमोज लेने गई थी। वह कुछ दूर पहुंची थी कि पास ही पतंग की दुकान चलाने वाला चतुर्भुज राठौर (35) मिला। बच्ची चतुर्भुज को पतंग वाले अंकल बोलती है। चतुर्भुज ने बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर गोदाम में ले गया। यहां उसके मुंह और आंख पर कपड़ा बांध दिया और दुष्कर्म किया। जब काफी देर तक बच्ची नहीं आई, तो परिजन उसे तलाशने लगे। पिता उसे तलाशते हुए गोदाम तक पहुंचे। वहां उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर आरोपी ने उसे छिपा दिया था। जब बार-बार पिता उसी इलाके में तलाश रहा था, तो आरोपी बच्ची को गोदाम में छोड़कर भाग गया।

### रोते हुए घर पहुंची बच्ची

इसी बीच, बच्ची जैसे-तैसे अपने बंधन खोलकर बाहर आई। वह रोते-रोते घर पहुंची। यहां उसने मां और दादी को आपबीती बताई। परिजन बच्ची को लेकर पड़ोसी की दुकान पर पहुंचे, लेकिन वह भाग गया था। इसके बाद परिजन थाने लेकर पहुंचे। जब महिला पुलिस अधिकारी ने



बच्ची से घटना के संबंध में जानकारी लेना चाही, तो आरोपी के बारे में जिक्र आते ही बच्ची बोली- पतंग वाले अंकल गंदे हैं। महिला पुलिस अधिकारी इन कम शब्दों में बच्ची के साथ हुई घटना समझ गई। पुलिस ने बच्ची की शिकायत पर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया है।

## साडा से जुड़ीं 14 ग्राम पंचायतों की पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें : श्री कुशवाह

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने साडा क्षेत्र (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) से जुड़ीं 14 ग्राम पंचायतों की पेयजल व्यवस्था को लेकर भोपाल में अहम बैठक ली। श्री कुशवाह ने आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास श्री नितिन श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक जल विकास निगम श्री तेजस्वी नायक की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में इन ग्राम पंचायतों के सभी 28 गाँवों में साडा के माध्यम से पेयजल व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को भोपाल में मंत्रालय में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कहा कि नगरीय विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर इन ग्रामों को साडा से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा सभी विभाग आपसी समन्वय से साडा क्षेत्र की 14 ग्राम पंचायतों के 28 ग्रामों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये जल्द से जल्द कार्ययोजना तैयार करें। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने बैठक में ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्थित महत्वपूर्ण जल संरचनाओं को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बीरपुर बांध, मामा का बांध और गिरबाई बांध को जोड़ने वाला रिंगरोड बनाएँ। साथ ही इस क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी किया जाए ।

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 26 मार्च को दो दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया 26 मार्च को दो दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे। श्री सिंधिया प्रातः 9 बजे वायुयान द्वारा दिल्ली से ग्वालियर पधारेंगे। ग्वालियर में प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया दोपहर 2.50 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में नगर निगम द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 4.30 बजे ग्वालियर से चीनौर के लिये प्रस्थान करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार लुटेरों से बचाने बैग में उतारकर रखे थे गहने] टैक्सी में चोर पार कर ले गए

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सवारी वाहनों में चोरी की वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही है। स्टेशन से फूलबाग, नदीगेट व थाटीपुर की ओर जाने वाले रूट पर सबसे ज्यादा चोर सक्रिय हैं। एक दिन पहले दतिया से रिश्तेदारी में शामिल होने आई एक महिला के बैग पर चोरों ने हाथ



साफ कर दिया। चोर 5 हजार रुपए नकद और गहने चोरी कर ले गए हैं। महिला ने झपट्टा मारों से बचने के लिए बैग में रखे के थे गहने। शुक्रवार को मामले में थाटीपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को आशंका है कि स्टेशन बजरिया से थाटीपुर के बीच 3 किलोमीटर के एरिया में यह वारदात हुई है। दतिया निवासी पुष्पा चौरसिया गुरुवार को दतिया से ग्वालियर आई थी। यहां थाटीपुर में किसी रिश्तेदार के यहां उन्हें कार्यक्रम में शामिल होना था। ट्रेन से स्टेशन पर उतरने के बाद बाहर आकर वह सवारी वाहन विक्रम में सवार हुई थीं। जब वह थाटीपुर पर टैक्सी से उतरीं और अपने रिश्तेदार के घर पहुंची तो उसके बैग की चेन खुली हुई थी। बैग में रखे सोने का मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, एक चेन पांच हजार रुपए नकद चोरी हो चुके थे। मामले की शिकायत महिला ने पहले जीआरपी थाने में की, जिस पर पुलिस ने जीरो पर कायमी कर घटना स्थल थाटीपुर का होने के कारण केस डायरी थाटीपुर पुलिस को भेज दी है।

### पुलिस ने लूट के आरोपी को दबोचा लूटा गया मोबाइल बरामद

**ग्वालियर।** शहर की महाराजपुरा थाना पुलिस ने लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा गया मोबाइल और घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल को जप्त किया है पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा ग्वालियर जिले में लूट, नकबजनी, चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाषों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। एसएसपी ग्वालियर द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक शहर-मध्य श्री अभिनव चौकसे के द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को लूट , नकबजनी, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित कर बदमाषों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही कर उनकी धरपकड़ करने हेतु निर्देषित किया।

## प्लॉट पर आलीशान मकान बनाने का सपना दिखाकर महिला से ठगे 28 लाख रुपए

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक शातिर बाप-बेटे महिला को सस्ते में प्लॉट दिलाने और उस पर अपने आलीशान मकान बनाने का सपना दिखाकर 28 लाख रुपए ठग ले गए। घटना पुरानी छावनी की है। महिला को धोखाधड़ी का पता उस समय चला जब नियत समय पर पिता-पुत्र ने रजिस्ट्री नहीं की और लगातार चक्कर कटवाते रहे। काफी समय बीतने पर भी जब रजिस्ट्री नहीं हुई तो महिला ने अपने एग्रीमेंट पर दिए गए रुपए वापस मांगे तो वह आजकल की कहकर टरकाते रहे। परेशान महिला ने मामले की शिकायत पुरानी छावनी पुलिस से की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी पिता-पुत्र पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। पुरानी छावनी निवासी रामकली पत्नी महेश पाल ने शिकायत की है कि वर्ष 2013 में उसकी मुलाकात पलवन्दिर सिंह और गुरुविन्दर सिंह से हुई थी। यह दोनों पलविंदर व गुरुविन्दर पिता-पुत्र हैं। दोनों ने महिला को एक सस्ता प्लॉट दिलाने की बात कही इस पर महिला भी एबी रोड पर फ्रंट का प्लॉट खरीदने के लिए तैयार हो गई। इसके बाद एक प्लॉट का सौदा पक्का कर महिला व उसके पति ने 12 लाख रुपए चेक व 16 लाख रुपए नगद देकर एग्रीमेंट कर लिया।



**नियत समय के बाद लगवाते रहे चक्कर:** अनुबंध करने के बाद जब रजिस्ट्री कराने का समय आया तो वह आजकल की कहकर उसे टरकाते रहे और लगातार चक्कर लगाने तथा काफी समय बीतने के बाद भी जब रजिस्ट्री नहीं। जब महिला ने रुपए वापस करने का दबाव बनाया तो वह आनाकानी करने लगे। इसके बाद धमकाया कि दम हो रुपए लेकर दिखा देना।

**पंचायत भी बैठाई, पर नहीं बनी बात:** परेशान होने पर पीड़ित महिला ने सामाजिक लोगों और रिश्तेदारों के साथ पंचायत भी बैठाई, लेकिन बात नहीं बनी तो पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मिशन इन्द्रधनुष का आयोजन

**ग्वालियर।** आज आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव एवं सघन मिषन इन्द्रधनुष - 4 पर आधारित जनजागरूकता का आयोजन माँ शारदा विद्यापीठ कुंजबिहार में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पैदा होने वाले बच्चों से लेकर 5 वर्ष की आयु तक के चार्ट के अनुसार बच्चों का दवा तथा टीकाकरण अवश्य पूर्ण करना है । इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित मध्यप्रदेश बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि बच्चों का टीकाकरण पूर्ण हो इसके लिए आवष्यक है जागरूकता की और यह दायित्व है समाज के प्रबुद्धजनों एवं सामाजिक लोगों का कि शासकीय लोगों के साथ वे भी इसका प्रचार प्रसार करें ताकि टीकाकरण के अभाव में बच्चों को होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके । इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि अपने आस-पास के लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें । इस अवसर पर अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया।

## जमीन की नपाई करने पहुंचे पटवारी को पीटा, नायब तहसीलदार को दी गोली मारने की धमकी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में जमीन की नपाई करने पहुंचे पटवारी को खुलेआम पीटने का सोशल मीडिया पर सामने आया है। हालांकि घटना दो दिन पहले पुरानी छावनी की है। इस मामले में मामला भी दर्ज हो चुका है, लेकिन VIDEO में साफ दिख रहा है कि किस तरह पटवारी के साथ लोग अभद्रता कर रहे हैं। तहसीलदार से कह रहे हैं कि वापस आया तो गोली मार देंगे। FIR होने के बाद सामने आए इस VIDEO को पुलिस ने जांच में ले लिया है। VIDEO में दिख रहे सभी लोगों की पहचान की जा रही है।

### यह था पूरा मामला

पुरानी छावनी के गंगा मालनपुर के सर्वे क्रमांक-625 का सीमांकन करने के लिए राजस्व विभाग की टीम पहुंची थी। इस काम के लिए पटवारी दिनेश कुशवाह टीम के साथ गए हुए थे। मौके पर पहुंचकर टीम ने जब फीता डालकर सीमांकन करने का काम शुरू किया तो जाटव मोहल्ला में रहने वाला जमीन का मालिक प्रीतम जाटव अपने साथी मलखान, कल्लू, लाखन और सूरज जाटव के साथ पहुंचे। जहां टीम को सीमांकन करने से



इन लोगों ने रोक दिया। जबकि जमीन मालिक प्रीतम जाटव ने ही सीमांकन करने के लिए अधिकारियों को आवेदन दिया था। वहां चाहता था कि अधिकारी नियम के विरुद्ध जाकर उनके अनुसार जमीन का सीमांकन करें। जमीन उनकी है इसको कागजों में लिखकर उन्हें दे दें। जब टीम ने उन्हें समझाते हुए नियम के तहत काम करने की बात कही तो वह लोग भड़क गए। इन लोगों ने पटवारी दिनेश कुशवाह को धक्के देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। हंगामा करने वालों को टीम ने समझाया कि नायब तहसीलदार भी साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकत पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस पर गुंडई करने वालो ने टीम को धमकी दी दोबारा यहां आए तो गोली मार देंगे। जिसके बाद टीम अपनी जान बचाते हुए पुलिस थाने पहुंची। जहां उन्होंने पांचों आरोपियों के खिलाफ शिकायत की।

## रोटरी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता सायकल रैली 3 को

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रोटरी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 3 अप्रैल को स्वच्छता सायकल रैली वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधी स्थल से सिटी सेंटरी स्थित होटल सेन्ट्रल पार्क तक आयोजित की जोयगी। ग्वालियर प्रदेश में स्वच्छता रेंक में प्रथम स्थान पर पहुंचे इसके लिये ग्वालियर के 13 रोटरी क्लब, 10 रोट्रेक्ट क्लब, इन्हरव्हील क्लब एवं आरसीसी के लगभग एक हजार से भी अधिक सदस्य स्वच्छता सायकल रैली निकालेंगे। होटल सेन्ट्रल पार्क में ग्वालियर के 13 रोटरी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, सहायक प्रान्तपाल एवं अन्य प्रमुख रोटेरियल की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हीरक जयन्ती समारोह समिति के अध्यक्ष पूर्व प्रान्तपाल रो. भूपेन्द्र जैन ने की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि शहर के अन्य सामाजिक संगठन, चिकित्सकों के एसोसियेशन, वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान सहित अन्य स्कूल एवं कॉलेजों को सम्मिलित करते हुये स्वच्छता का सन्देश दिया जायेगा। 3 अप्रैल को प्रातः 6.30 बजे स्वच्छता सायकल रैली प्रारंभ होगी जो कि शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई सिटी सेंटर स्थित होटल सेन्ट्रल पार्क पर समाप्त होगी। बैठक में तैयारियों को लेकर विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारियों को कार्यो की जिम्मेदारी सौपी गई। बैठक में सहायक प्रान्तपाल रो.विवेक मिश्रा, रो.आदेश बंसल, आगामी सहायक प्रान्तपाल रो.शशिकान्त चतुर्वेदी, रोटरी क्लब ग्वालियर के अध्यक्ष रो.राजेन्द्र मेहरोत्रा, सचिव रो.राममोहन त्रिपाठी, रोटरी क्लब वीरांगना की अध्यक्ष श्रीमती साधना मित्तल, सचिव रोमी गुलाठी, श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी, श्रीमती चंचला मंगल, श्रीमती उर्वशी जैन, रोटरी क्लब महानगर के अध्यक्ष रो.शंकर लाहा, सचिव रो.हिमांशु,रोटरी क्लब तानसेन के सचिव प्रो.रो.ए.के. मांडिल, रोटरी क्लब सेन्टल के अध्यक्ष रो.कपिल जैन, रो.नरेन्द्र रोहिरा, रो.तपेश मिश्रा, रोटरी क्लब तेजस के अध्यक्ष रो.भरत जैन, रोटरी क्लब लॉरेल के अध्यक्ष श्री दिनेश शुक्ला, सचिव रो.सोमित माहेश्वरी,रोटरी क्लब रीगल के अध्यक्ष रो.सुधीर त्रिपाठी, सचिव रो.मानव दुबे, रोटरी क्लब हेरीटेज के अध्यक्ष रो.धीरेन्द्र चौहान, सचिव रो.गजेन्द्र सिंह, रो.एस.के.दीक्षित,रो.मनीष चतुर्वेदी, रोटरी क्लब समर्पण के सचिव रो.डॉ.रोहित अग्रवाल, रोटरी क्लब मिडटाउन के अध्यक्ष रो.अरविन्द राजावत आदि अनेक रोटेरियन उपस्थित थे। हीरक जयन्ती समारोह का मुख्य आयोजन मई 2022 में आयोजित किया जायेगा। समस्त रोटेरियन साथियों, रोट्रेक्ट, आरसीसी एवं इन्हरव्हील के सदस्यों से अनुरोध है कि इस स्वच्छता सायकल रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें और रोटरी के ग्वालियर में 75 वर्ष पूर्ण होने पर सामाजिक सेवा का एक बेहतरीन सन्देश देकर सामाजिक सरोकार को पूरा करें।

## भाजपा ग्वालियर महानगर की वृह्द बैठक आज

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर की एक वृह्द बैठक कल 26 मार्च को दोपहर 2 बजे पड़ाव स्थित होटल प्रहलाद इन में आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश , प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, संभाग के प्रभारी श्री जीतू जिराती, जिले के प्रभारी श्री मधु वर्मा तथा सह प्रभारी अरूण चतुर्वेदी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने दी। श्री माखीजानी ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंत्रीगण, विधायकगण, निगम मंडलों के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण, महामंत्री, मोर्चो के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चो के जिलाध्यक्ष तथा मीडिया प्रभारी, सहप्रभारी आपेक्षित है।

## प्रहलाद की भक्ति संसार में अदभुतः आचार्य श्री अरविंद

**ग्वालियर।** भगवान का जन्मोत्सव भक्त प्रहलाद की भक्ति संसार में अदभुत है, आप देखिये प्रहलाद के पिता हिरणाकश्यप जब उसको मारने लगे तो हिरणाकश्यप ने प्रहलाद से पूछा तेरे भगवान कहां हैं अब क्यों बचाने नहीं आ रहे, तो प्रहलाद ने कहा कि भगवान सब जगह हैं, हिरणाकश्यप यह सुनकर क्रोधित हुआ और एक पत्थर के खंबे को दिखाकर बोला कि इसमें भी हैं प्रहलाद ने कहा हां इसमें भी। इस पर हिरणाकश्यप ने खंबे को लात मारकर तोड दिया तो उसमें से भगवान का नृसिंह अवतार हुआ और दुष्ट हिरणाकश्यप का अंत हुआ। प्रहलाद की भक्ति की उक्त कहानी सुनाकर प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक आचार्य अरविंद जी महाराज ने कहा कि भक्ति की शक्ति का सबसे बडा उदाहरण है। आज अचलेश्वर बिहार कालोनी पार्क में चौथे दिन आचार्य श्री अरविंद ने प्रहलाद चरित्र , समुद्र मंथन, वामन कथा , रामकथा और भगवान बालकृष्ण के नंदोत्सव की सजीव कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होने कहा कि भगवान सब जगह हैं और वह हर युग में अवतार भी लेते हैं, कई बार भक्तों की परीक्षा भी लेने भगवान स्वयं भी आते हैं। इस लिये भक्ति में कभी भी कमी नहीं आने दें। आचार्य श्री ने कहा कि जैसे दूध के कण-कण में घी है वैसे ही हर वस्तु, हर पेड, पौधों , हर जीव , हर कण कण भगवान हैं। जरूरत है तो हमें बस उन्हें समझने देखने की आचार्य श्री ने कहा कि जब दुष्टों और पापियों का अनादर बढ जाता है और वह अपने आपको ईश्वर ही समझने लगते हैं।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478